

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -17 , पृष्ठ 14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 22.8° अधिकतम तापमान | 11.5° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 :46 सूर्यास्त 5 : 55

लखनऊ रविवार, 11 फरवरी 2024


रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...13

## एक नजर

### मशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

### पाकः गठबंधन सरकार के लिए जोड़-तोड़ शुरू

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़-तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की।

# लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

## गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



### लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

### सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

# पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी भारत की ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह है, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'



- लोकसभा चुनाव से पहले सदन में आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री
- बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

### सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

### सभी सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पारित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ' 'आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।

# पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।



- पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

# ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

- पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

# कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।



- आतंकवादी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

### इधर, तमिलनाडु में कार बम ब्लास्ट को लेकर 27 जगहों पर तलाशी

**चेन्नई।** एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

# कांग्रेस ने प्रमोद कृष्णम को पार्टी से निष्कासित किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को अपने वरिष्ठ नेता और आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद कृष्णम को लेकर पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह निकट भविष्य में कांग्रेस से अपनी राह अलग कर सकते हैं। इससे पहले कि वह निर्णय लेते, पार्टी ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कृष्णम को पार्टी से निकालने का प्रस्ताव दिया था। बता दें कि कृष्णम कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के करीबी और उनके सलाहकार भी रहे हैं।



- कल्कि पीठाधीश्वर पर लगाया अनुशासनहीनता का आरोप

# बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा, होगी मजिस्ट्रेट जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा। यहीं एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर उपद्रवियों ने भीषण आगजनी और तोड़फोड़ की थी। हिंसा की घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच 15 दिन के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुमाऊं के आयुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रेट जांच करेंगे और 15 दिन के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को कर्फ्यू बनभूलपुरा तक सीमित करने का आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि नैनीताल-बरेली मोटर रोड पर वाहनों की आवाजाही और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। इस बीच शनिवार शाम हल्द्वानी में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) एपी अंशुमन ने बताया, 'प्रभावित इलाके में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।'

## हल्द्वानी की हिंसा



- कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत करेंगे दंगे की जांच

### पांच गिरफ्तार गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान का काम जारी है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे के अनुसार जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें महबूब आलम, जिशान परवेज, अरशद, जावेद सिद्दीकी और असलम उर्फ असलम चौधरी शामिल हैं।

# आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियनः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' इसी दौरान सदन में किसी ने शिवपाल यादव का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चौ. चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।



- विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान
- योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

### काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

### पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लेंः योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।




SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार, आपके द्वार' टीम आपकी समस्याएं जानने रविवार को अयोध्या दास द्वितीय वार्ड में करीब 12 : 00 बजे पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज

- लखनऊ रेस कोर्स (कैंट) में एमबी क्लब कप के लिए घुड़दौड़ प्रतियोगिता - 11:00 बजे।
- जेसी गेस्ट हाउस (निराला नगर) में रामोत्सव का आयोजन - 2.00 बजे।
- साराका आर्ट गैलरी (मॉल एवेन्यू) में गाजीपुर के चित्रकार पंकज शर्मा के 42 रेखांकन की एकल प्रदर्शनी - 3.30 बजे।
- गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क के गेट नंबर-2 पर हनुमान जी के गुणों पर आधारित कार्यक्रम कपीश्वर का आयोजन - 5.00 बजे।

## एक नजर

### अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** 12 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल की मेजबानी में लखनऊ में 67वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट की शुरुआत होगी। इसका उद्घाटन केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे। जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी मानकनगर आलमबाग में शुरू होने वाला यह कार्यक्रम 12 से 16 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसके पहले क्राइम सीन के लिए बंकर और अस्थायी भवन जैसे निर्माण किए जा रहे हैं। इस दौरान एंटी-सैबोटेज चेक, जांच में वैज्ञानिक सहायता, कंप्यूटर जागरूकता और प्रशिक्षण खोजी कुत्तों की श्रेणियों में कुल छह प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इससे पहले वर्ष 2019 में भी लखनऊ में हुई इस मीट में उत्तर प्रदेश पुलिस ने शानदार प्रदर्शन किया था। पिछली बार अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट भोपाल में हुई थी। इस बार लखनऊ में आयोजित होने वाली मीट में गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरपीएफ की डीजी मनोज यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

### विश्व शांति के लिए श्रीराम के जीवन का अनुसरण ही एकमात्र मार्ग : एनबी सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह की अध्यक्षता में भाषा विश्वविद्यालय में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 9 और 10 फरवरी को अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि संपूर्ण विश्व की शांति के लिए उनके जीवन का अनुसरण ही एकमात्र मार्ग है। हमें भी उनके जीवन का अनुपालन अपने जीवन में करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत वेशभूषा कार्यक्रम, अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. चन्दना डे और आयोजक डॉ रामदास, डॉ हारून रसीद एवं डॉ श्वेता अग्रवाल थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# घरों से अब कूड़ा लेने आएंगी इलेक्ट्रिक गाड़ियां, न करेंगी शोर, न होगा प्रदूषण

## कूड़ा प्रबंधन का काम करने वाली कंपनी रामकी पांच जोन में सड़क पर उतारेगी 140 गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** घरों से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां अब न तो शोर करेंगी और न ही धुआं फेकेंगी। अब कूड़ा उठाने के लिए डीजल नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक गाड़ियां घर आएंगी। इससे खर्च भी कम होगा और प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। नगर निगम के पांच जोन में सफाई से लेकर कूड़ा प्रबंधन का काम पाने वाली कंपनी रामकी घरों से कूड़ा उठाने के लिए जल्द ही 140 इलेक्ट्रिक वाहन सड़क पर उतारेगी। वाहनों से डीजल चोरी का डर नहीं रहेगा और कंपनी का खर्च भी कम होगा। कंपनी जोन में वाहनों की पार्किंग और चार्जिंग के लिए स्टेशन भी बनाएगी।

शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नगर निगम ने आठ में से पांच जोन में कंपनी रामकी को काम दिया है। कंपनी को हर हाल में 1 अप्रैल से काम शुरू करना है। कंपनी ही घरों से कूड़ा उठाकर डम्पिंग यार्ड और प्लांट तक पहुंचाएगी। इसके लिए कंपनी ने तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी घरों से कूड़ा उठाने के लिए अधिकांश इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगी। इस महीने कंपनी लगभग 140 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेगी। इसके अलावा जरूरत के हिसाब से छोटा हाथी भी खरीदेगी। शिवरी प्लांट तक कूड़ा डम्पर से पहुंचाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के वाहन लेगी। कंपनी ने सुपरवाइजर नियुक्त कर लिए हैं। इसके अलावा अन्य कर्मचारियों के लिए इंटरव्यू करा रहा है।

कंपनी को जोन एक, तीन, चार, छह और सात में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। सबसे पहले कंपनी जोन चार का नगर निगम से हैंडओवर लेगी। इसमें नगर निगम के वाहन, जेसीबी समेत ट्रांसफर स्टेशन और केंद्रीय कार्यशाला शामिल है। इसके अलावा नगर निगम के नियमित कर्मचारियों को भी कंपनी अपने जिम्मे लेगी। कंपनी नगर निगम के साथ सफाई व्यवस्था के लिए अपने भी सुपरवाइजर लगाएगी।



- खर्च कम होगा और प्रदूषण से मिलेगी राहत, नहीं रहेगा डीजल चोरी का डर
- वाहनों के पार्किंग और चार्जिंग स्टेशन भी बनेंगे, 1 अप्रैल से कूड़ा प्रबंधन की संभालेगी जिम्मेदारी

> कंपनी को पांच जोन में 1 अप्रैल से कूड़ा प्रबंधन का काम संभालना है। घरों से कूड़ा उठाने के लिए अधिकांश वाहन इलेक्ट्रिक रहेंगे। कंपनी जल्द ही 140 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेगी। इसके अलावा चार्जिंग और पार्किंग के लिए स्टेशन भी बनाएगी।
>
> -पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

### बाकी तीन जोन में सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम ने निकाला टेंडर

**लखनऊ :** नगर निगम ने बाकी तीन जोन में सफाई को लेकर कंपनी चयनित करने के लिए टेंडर निकाला है। इनमें जोन दो, पांच और जोन आठ शामिल हैं। तीन जोन के लिए टेंडर न कराए जाने पर पार्षदों ने नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज किया था। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा था कि बाकी जोन में भी सफाई के लिए कंपनी का चयन किया जाएगा। तीन में से दो पैकेज का काम रामकी को मिलने पर महापौर ने एक ही कंपनी को आठों जोन का काम न देने की बात कहते हुए पैकेज तीन का टेंडर बिना खोले ही निरस्त कर दिया था।

# 137 केंद्रों पर आज आयोजित होगी आरओ व एआरओ की परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा रविवार को शहर के 137 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। इसमें करीब 68 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा से पहले शनिवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं।

एडीएम आपूर्ति साहब लाल ने बताया कि पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने 44 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 137 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जो परीक्षा के दौरान पुलिस के साथ भ्रमण करेंगे। गेट पर सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। केंद्रों पर किसी तरह की अव्यवस्था न हो इसलिए पूरी निगरानी की जाएगी।

# अनाथ बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीएसए के नेतृत्व में गठित की गई कमेटी
- कमेटी बच्चों के मानसिक स्तर का परीक्षण करेगी, तीन बच्चे चयनित
- सीएमएस, एसकेडी और अवध कॉलेजिएट में कराया जाएगा दाखिला
- पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करेगी प्रदेश सरकार

**अमृत विचार :** माता-पिता एवं अपनों को खो चुके बच्चों को अब दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। बच्चों को दो जून की रोटी कमाने के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। ऐसे बच्चों को कान्वेंट स्कूल में शिक्षा दिलाने का जिम्मा सरकार ने उठाया है और तीन बच्चों को चयनित किया गया है।

भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बेसहारा बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनको बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। बच्चों का डॉक्टरों से परीक्षण कराया जाएगा साथ ही टीम ऐसे बच्चों का मानसिक स्तर परखेगी। इसके बाद रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को भेजी जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि सीएमएस, एसकेडी और अवध कॉलेजिएट में दाखिला कराया जाएगा। बच्चों के नर्सरी से लेकर और उच्च शिक्षा तक का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। अनाथ बच्चों को पढ़ाकर बेहतर नागरिक बनाने के साथ ही उनके जीवन स्तर को सुधारने के ध्येय से इसकी शुरुआत की गई है। अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की योजना सरकार की प्राथमिकता में है।



# पंजीकरण कराने में रुचि नहीं ले रहे विस्थापित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में लगभग 1200 मकान, दुकान और कॉम्प्लेक्स होने हैं ध्वस्त
- स्टे से पहले मात्र 82 विस्थापितों ने कराया है प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण
- न्यायालय के निर्देश पर एलडीए ने फिर लगाया पंजीकरण कैम्प

**अमृत विचार :** अकबरनगर के विस्थापित लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए गए शिविर में मकान का पंजीकरण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

उच्च न्यायालय से स्टे मिलने के बाद से एक भी नया पंजीकरण नहीं आया है। इससे पहले प्राधिकरण द्वारा अकबरनगर में लगाए गए शिविर में मात्र 82 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया था।

न्यायालय के निर्देश के बाद एलडीए ने एक बार फिर से अकबरनगर में पंजीकरण शिविर लगा दिया है। इसके साथ ही लोगों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी के बंधे और भूमि पर लगभग 1,200 मकान, दुकान और कॉम्प्लेक्स अवैध तरीके से बन गए हैं। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत कुकरैल नदी का सौंदर्यीकरण कराया जाना है। इसकी जद में लगभग 1200 मकान और दुकानें आ रही हैं। एलडीए ने इन्हें ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही अकबरनगर के विस्थापितों के लिए शिविर लगाकर प्रधानमंत्री आवास और डूडा आवास के लिए पंजीकरण करा रहा था। 22 दिसंबर को उच्च न्यायालय से ध्वस्तीकरण पर रोक लगने के बाद से लोग पंजीकरण कराने नहीं आ रहे हैं। इसके बाद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगातार टल रही है। उच्च न्यायालय 21 फरवरी को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा।



राजधानी में पिछले कई दिनों से पड़ रही ठंड के बीच निकली धूप से लोगों को काफी राहत मिली है। इसी क्रम में शनिवार को गोमती नगर स्थित रिवर फ्रंट पार्क में ठंड के बीच धूप का आनंद लेतीं युवतियां। अमृत विचार

## छात्रावास का बनेगा डाटा बेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग अब छात्रों का ब्योरा एकत्र करने के लिए छात्रावास का डाटा बेस बनाएगा। एक क्लिक पर छात्रों के संबंध में पूरी जानकारी मिल सकेगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से 231 छात्रावास 75 जिलों में संचालित किए जा रहे हैं। इसमें 20 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं हैं। छात्रावास में रहकर छात्र पढ़ाई लिखाई करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। एक छात्रावास में चालीस से सौ छात्र रहते हैं। छात्रावास ऑनलाइन होने के बाद पूरी जानकारी एक क्लिक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही छात्रों को मिल जाएगी। छात्रों को पता चल जाएगा कि किस जिले में छात्रावास खाली है। विभाग छात्रावास के लिए एक वेबसाइट भी बनाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही डाटा बेस बनाने के साथ वेबसाइट बना दी जाएगी।

# फ्लिपकार्ट सीईओ पर धोखाधड़ी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की धाराओं में दर्ज की गई एफआईआर

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार थाने में एक अधिवक्ता ने फ्लिपकार्ट के सीईओ समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक, क्षेत्र के सेक्टर-5 निवासी अधिवक्ता अभिषेक भटनागर ने फ्लिपकार्ट के सीईओ और स्लीप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि अक्टूबर 2021 में उन्होंने फ्लिपकार्ट से गद्दा बुक किया था। उनके मुताबिक 26 नवंबर 2021 की रात शापिंग साइट पर गद्दा उनको डिलीवर दिखाने लगा, जबकि गद्दा उसके घर नहीं आया था। पूछताछ करने पर कम्पनी ने जवाब भी नहीं दिया और रुपये भी नहीं लौटाए। जिसके बाद पीड़ित ने कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर गोमतीनगर विस्तार थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद अधिवक्ता ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## अयोध्या रूट की ट्रेनें बहाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या रूट की निरस्त सभी ट्रेनें बेहाल होने से यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके साथ अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। ट्रेनों का संचालन पटरी पर आते ही गैर राज्यों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचने लगे हैं। रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हिंदी, अंग्रेजी के साथ तेलगू में एनाउंसमेंट की शुरुआत कर दी है। इससे अन्य राज्यों से आने वाले यात्री आसानी से ट्रेनों की जानकारी हासिल कर सकेंगे। उन्हें ट्रेनों के आवागमन की सटीक जानकारी मिल सकेगी। दूसरी भाषाओं की समझ रखने वाले रेल कर्मियों की तैनाती भी रेलवे ने शुरू कर दी है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर कई भाषा में उदघोषणा की जा रही है। तेलंगाना के अलावा दक्षिण भारत के कई राज्यों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसकों देखते हुए रेलवे ने व्यापक इंतजाम कर रखा है।

# राजधानी के कई क्षेत्रों में आए दिन गुल रहती है बिजली, उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अधिकांश इलाकों में बिजली के तारों को बदले जाने का काम पूरा हो चुका है। तकरीबन सभी उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों की मरम्मत संबंधी कार्य भी हो चुका है। फीडरों को भी ठीक कर लिया गया है। इसके बावजूद शहर के अधिकांश इलाकों में आए दिन बिजली गुल हो रही है।

उपभोक्ता जब उपकेंद्रों पर फोन करते हैं तो एक ही जवाब मिलता है कि अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है, भले ही संबंधित क्षेत्र में अनुरक्षण का कार्य खत्म हुए हफ्तों बीत चुके हों। ऐसे में यह स्पष्ट हो गया है कि राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन की तैयारी सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। इस मामले में जब विभागीय अधिकारियों से बात हुई तो उन्होंने कहा कि अनुरक्षण के नाम पर यदि उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गर्मी का मौसम आते ही बिजली की मांग बढ़नी शुरू हो जाती है। ऐसे में कहीं लो वोल्टेज की समस्या तो कहीं घरेलू उपकरण फुंकने लगते हैं और तारों का जलना शुरू हो जाता है। इन्हीं समस्याओं के चलते पावर कारपोरेशन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए फरवरी माह को अनुरक्षण कार्य के लिए रिजर्व किया है। बताते चलें कि सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए राजधानी में अक्टूबर माह में भी अनुरक्षण कार्य किया गया था। जिन इलाकों में मेंटीनेंस कार्य को पूरा भी कराया जा चुका है, उनमें नादरगंज, सरोजनीनगर, कानपुर रोड, यहियागंज, चिनहट, बंगला बाजार सहित कई इलाके शामिल हैं। फिर भी इन इलाकों में आए दिन तारों के जलने, ट्रांसफार्मरों के फुंकने की घटनाएं होना शुरू हो गई हैं। ऐसे में कई क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। चौक के मोहम्मद सलीम ने बताया कि हमारे यहां तो घंटों बिजली गुल रहती है। बीकेटी की गीता कुमारी ने कहा कि यहां तो रोज ही कुछ न कुछ काम हो रहा है।



- निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए मेंटीनेंस का कार्य जारी
- बिजली आपूर्ति हो रही प्रभावित 24 घंटे आपूर्ति का दावा साबित हो रहा हवा-हवाई

> सुचारू ढंग से बिजली आपूर्ति के लिए विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। जिन क्षेत्रों में अनुरक्षण का कार्य पूरा हो चुका है और उसके बाद भी घंटों बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, ऐसे उपकेंद्रों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता सिस गोमती

### चिनहट में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के कई इलाकों में रविवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 केवी लाइन और स्विच वार्ड में एबीसी लाइनों के साथ मेंटीनेंस और टेस्टिंग कार्य के चलते घंटों बिजली गुल रहेगी। ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता आशीष अस्थाना ने बताया कि फरवरी माह में अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है।। इस दौरान इलाकों में फैले जर्जर तारों, खंभों, ट्रांसफॉर्मरों और फीडरों के मेंटीनेंस के साथ ही टेस्टिंग भी की जाएगी। जिसके चलते चिनहट के इंडस्ट्रियल एरिया, जैनाबाद, देवस्थान सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब 30 हजार उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर कल से लगेंगी 65 फिट ऊंची प्रतिमाएं

## संस्कृति विभाग ने नोएडा में बनवाई हैं कांस्य की तीन प्रतिमाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हिस्सों में हैं प्रतिमाएं, प्रेरणा स्थल पर ही इन्हें जोड़ा जाएगा
- प्रेरणा स्थल पर अटल बिहारी वाजपेयी, दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की लगनी हैं प्रतिमाएं

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसंतकुंज योजना में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर सोमवार से पुरोधाओं की प्रतिमाएं लगाने का काम शुरू हो जाएगा। संस्कृति विभाग ने नोएडा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65 फिट ऊंची कांस्य की प्रतिमाएं बनवाई हैं। रविवार तक प्रतिमाएं प्रेरणा स्थल पर पहुंच जाएंगी।

ये मूर्तियां पार्ट में तैयार की गयी हैं। इन्हें प्रेरणा स्थल पर ही जोड़क़र लगाया जाएगा। सबसे पहले क्रम पर अटल, दूसरे पर दीन दयाल उपाध्याय और तीसरे क्रम पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा लगायी जाएगी। 15 तक मूर्तियां लगाने का काम पूरा हो जाएगा।

19 फरवरी को लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे। इसके लिए एलडीए प्रेरणा स्थल पर युद्धस्तर पर काम करा रहा है। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर के प्रमुख उद्योगपति उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री कई योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने के साथ प्रधानमंत्री प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे।



राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मूर्ति लगाने के लिए तैयार किया जा रहा बेस। अमृत विचार

### दो योग मेडिटेशन सेंटर भी हो रहे तैयार

राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर ऐम्पीथिएटर के साथ तीन हेलीपैड भी बनाये गए हैं। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचेंगे। मूर्तियां लगाने के लिए बेस तैयार हो चुका है। अब प्रतिमाएं पहुंचने का इंतजार है। इसके अलावा दो योग मेडिटेशन सेंटर भी तैयार हो रहे हैं। ऐम्पीथिएटर, मेडिटेशन सेंटर और प्रतिमाओं का प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पण कराने की तैयारी है। इसके लिए प्रेरणा स्थल पर सड़कें बनाने, मार्बल लगाने, पेड़-पौधे लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। प्राधिकरण के एक अधिकारी के अनुसार 15 फरवरी तक ये सभी काम पूरे कर लिये जाएंगे।

### 86 मार्गों पर दौड़ेंगी 155 रोडवेज बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज बसों से 100 किमी के दायरे में सफर करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलने वाली है। यात्रियों को अब सफर के लिए साधन का इंतजार नहीं करना होगा। इनमें लखनऊ से बाराबंकी और रायबरेली का रूट प्रमुख रूप से शामिल है। परिवहन निगम ने 86 नए मार्गों को चिन्हित किया है, जिन पर रोडवेज बसें चलाए जाने की तैयारी है। इन जगहों के लिए नई सड़कें तो तैयार कर ली गई हैं पर रोडवेज बसें यात्रियों को नहीं मिल पा रही है। रोडवेज इन रूटों पर 155 साधारण बसों को चलाने की तैयारी में जुटा है। इसको लेकर परिवहन निगम रूट, किलोमीटर का ब्योरा तैयार कर रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बस संचालन के लिए मंजूरी मांगी गई है। लखनऊ परिक्षेत्र ने इन नए मार्गों का सर्वे कराया था। इन रूटों पर जल्द रोडवेज बसें शुरू की जाएंगी। इससे रोजाना करीब 20 हजार यात्रियों को सफर की सुविधा मिलेगी। लखनऊ परिक्षेत्र के प्रबंध निदेशक आरके त्रिपाठी के अनुसार, नए मार्गों का परिवहन निगम ने सर्वे कराया था। 86 मार्गों को सर्व किया गया, जो लखनऊ, बाराबंकी और रायबरेली के हैं।

## एक नजर

### जरूरतमंदों तक पहुंचाए गए गर्म कपड़े

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय एकता समिति ने ठंडे मौसम के मद्देनजर जरूरतमंदों और असहाय लोगों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। समिति के पदाधिकारियों ने देर रात में राजधानी की सड़कों पर पात्र लोगों की तलाश कर उन तक गर्म कपड़े पहुंचाने का काम किया। समिति के अध्यक्ष रविन्द सिंह बिष्ट ने बताया कि समिति सामाजिक क्षेत्रों में निरन्तर कार्य कर रही है। समिति के एजेन्डे में जनहित के कार्य हैं। समिति जल्दी ही एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन करेगी। समिति के महासचिव हेमवंत सिह ने बताया संस्था जनजागरूकता व सामाजिक कार्य करती रही है। टीकाकरण, रक्तदान, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और सामाजिक क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वालों का सम्मान करते रहना हमारा मुख्य काम है। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों का सम्मान, खेल में अपनी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर उपलब्ध कराने में भी समिति आगे रहती है। जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करने में समिति के सदस्य गोपाल गैलाकोटी, हरपाल सिंह गाड़िया, रमेश अधिकरी और अभिषेक वर्मा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखाएं : डॉ. एलपी मिश्रा

अमृत विचार, लखनऊ। निरालानगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एलपी मिश्रा ने इस मौके पर बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऐसे विद्यालयों की जरूरत है जहां बच्चों को शिक्षा में संस्कार की भी शिक्षा दी जाती हो। प्रदेश निरीक्षक श्रीराम सिंह ने कहा कि विद्या भारती की देखरेख में चल रहे शिशु मन्दिरों व विद्या मंदिरों में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है।

# मुकदमे के लिए उकसाने वालों से ग्रामीण रहें सावधान

## चंदाकोडर गांव में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





चंदाकोडर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विधिक साक्षरता व सहायता शिविर में ग्रामीणों को जानकारी देते विधि विशेषज्ञ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** छोटे-छोटे मामलों में मुकदमे के लिए उकसाने का काम करने वाले लोगों से ग्रामीणों को सावधान रहने की जरूरत है। सुलह समझौते के जरिए मामलों का निस्तारण करें। ये बातें विधि विशेषज्ञों ने चंदा कोडर गांव में विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर में कहीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की संस्था प्रो बोनो क्लब व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में बीकेटी के चंदाकोडर गांव में शनिवार को विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह राजावत ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और विधिक सलाह दिया। विश्वविद्यालय के विधि परिसर मुखिया बंशीधर सिंह ने सरकार द्वारा मुहैया कराई जाने वाली योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। विधि संकाय के प्रो. अनुराग ने कहा कि सुलह समझौता के जरिए विवादों का निपटारा करना ही बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी जो गांव समाज में लोगों को मुकदमे के लिए उकसाते हैं। विधिक सेवा केंद्र के चेयरपर्सन आलोक कुमार यादव ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, परिवार एवं समाज में उचित सम्मान दिलाने की बात कही। प्रो बोनो क्लब के संयोजक मनीष तिवारी ने ग्रामीणों को जागरूक किया और विधिक सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रो. चंद्रसेन, प्रो. राजीव राठी, प्रो. अर्चना, प्रो. हरीश चंद्र राम, प्रो. राजकुमार एवं नायब तहसीलदार रुचि गुप्ता, क्लब के एसोसिएट उर्वशी, अनुराग, आदित्य, कौशिकी, प्रसंग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# टॉप करना है तो 45 मिनट की पढ़ाई में लें पांच मिनट का ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**बोर्ड परीक्षाएं**

▸▸ परीक्षा की तैयारियों को लेकर केजीएमयू के मानसिक रोग विशेषज्ञ ने दी जानकारी



डॉ. आदर्श त्रिपाठी

**अमृत विचार :** इसी महीने 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होनी हैं। इसको लेकर छात्रों पर पढ़ाई का जबरदस्त दबाव है। बेहतरीन करियर और परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए विद्यार्थी तैयारियों में जुटे भी हैं, लेकिन कई बार कठिन परिश्रम के बाद भी अच्छे नंबर नहीं आ पाते हैं। ऐसे में 'अमृत विचार' ने किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के मनोचिकित्सक प्रो. आदर्श त्रिपाठी से बातचीत कर उनसे सुझाव लिए।

इस पर उन्होंने छात्रों की एकाग्रता बढ़ाने के लिए बताया कि कोई भी कार्य करते समय दो बार हमारा पूरा फोकस कार्य पर ज्यादा होता है। पहला जब कार्य शुरू कर रहे होते हैं और दूसरा जब कार्य समाप्त कर रहे होते हैं। यही नियम पढ़ाई में भी लागू होता है। जब बच्चे पढ़ने बैठते हैं तो उनका फोकस पढ़ाई पर होता है, लेकिन बाद में धीरे-धीरे वह फोकस कम होता जाता है। ऐसे में छात्र को चाहिए की वह 45 मिनट की पढ़ाई करें और उसके बाद केवल 5 मिनट का ब्रेक लें। इस दौरान बॉडी को स्ट्रेच करें, खूली हवा में सांस ले। कुछ कदम टहल भी सकते हैं। पांच मिनट बाद फिर से पढ़ाई में जुट जायें। प्रो. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि याद रहे कि इस पांच मिनट के ब्रेक के दौरान मोबाइल पर किसी से बात न करें, मोबाइल पर कोई रील न देखें। उन्होंने बताया कि फोन पर बात करने और रील या टीवी देखने से मन भटकता है और उनकी एकाग्रता भंग हो सकती है।

### नींद पूरी लें, व्यायाम भी जरूरी, शांत माहौल में रहें

प्रो. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पूरी नींद लें। इससे उनकी याददाश्त अच्छी होगी और जो उन्होंने पढ़ा होगा, वह याद रहेगा। इसके अलावा शारीरिक व्यायाम यानी फिजिकल एक्सरसाइज भी एकाग्रता को बढ़ाने में कारगर है। इसलिए एक्सरसाइज पर ध्यान देना भी जरूरी है। प्रो. आदर्श के मुताबिक जब परीक्षा की तैयारी कर रहे हों तो हमेशा शांत माहौल में रहें और माता- पिता इस बात का ध्यान रखें की बच्चों की एकाग्रता भंग न हो इसके लिए उन चीजों से बच्चों को दूर रखें।

**किताबों से करें पढ़ाई, मोबाइल से बनायें दूरी :** प्रो. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल बहुत ही जरूरी गैजेट है, जिसका इस्तेमाल बच्चे पढ़ाई के दौरान करते हैं। मोबाइल से बच्चों को पूरी तरह से अलग करना भी ठीक नहीं है। ऐसे में माता-पिता इस बात का ध्यान रखें कि रात आठ बजे से पहले ही बच्चे मोबाइल पर पढ़ाई से संबंधित जानकारी हासिल करें। रात 8 बजे के बाद किताबों से ही पढ़ाई करें, तो ज्यादा बेहतर होगा।

# छात्रों को दी सटिसफैक्शन सर्वे फार्म की जानकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ छात्र विकास कार्यक्रम

**अमृत विचार :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में छात्र विकास कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें बीबीए व एमबीए के छात्रों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एन.बी.सिंह के मार्गदर्शन में अटल हाल में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग इसका आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रो. सैयद हैदर अली ने की। इस दौरान बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्रों को नेक और सभी 7 मानदंडों के साथ टेम्पलेट्स और उनके भविष्य के दायरे के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ. अताउर रहमान आजमी ने छात्रों को स्टूडेंट सटिसफैक्शन सर्वे फॉर्म भरने के तरीके के बारे में बताया। कार्यक्रम में ग्रीन इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज प्रो. फहीमुद्दीन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। नैक क्राइटेरिया प्रभारी, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. बुशरा अलविरा, डॉ. तनवीर खतीजा, डॉ. रुचिता सुजय चोधरी, डॉ. नलिनी मिश्रा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सेमिनार में सुसाइड पर दिया व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में शनिवार को विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी श्रीवास्तव के निर्देशन में सेमिनार का आयोजन किया गया। शोध छात्र गौरव मिश्र ने एग्जामिनिंग सुसाइड ऐज द ओनली ट्रू फिलॉसफिकल प्राबलम : रिविजिटंग द मिथ ऑफ सिसपस एंड कैमस एब्सूरडिटी विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने व्याख्यान का प्रारंभ 'देयर इज वन बट ट्रूली फिलॉसफिकल प्राब्लम दैट इज सुसाइड' के साथ किया। किस प्रकार से दार्शनिकों ने अपने विचारों में सुसाइड की समस्या को व्यक्त किया इसकी भी चर्चा की। उन्होंने व्याख्यान का आधार कैमू द्वारा लिखी गई पुस्तक 'द मिथ ऑफ सिसपस ' को बनाया। कामू के दिए गए विचार थ्यौरी ऑफ एब्सूरडिटी को अपने शब्दों में समझाने का प्रयास किया। सेमिनार में दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव के साथ विभाग के प्राचार्य डॉ. राजेश्वर प्रसाद यादव, डॉ. प्रशांत शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।



लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित सेमिनार में जानकारी देते वक्ता। अमृत विचार

▸▸ लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित हुआ सेमिनार

# एलएसजेए को 8 विकेट से हराकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन की देखरेख में हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** फहीम (3 विकेट) की उपयोगी गेंदबाजी के बाद मार्तंड सिंह (20) और देवेश पांडेय (29) की बल्लेबाजी की बदौलत इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश ने तृतीय एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश ने एलएसजेए एकादश को आठ विकेट से पराजित किया।

टूर्नामेंट के समापन समारोह में भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक शरद एस चंडक और खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पाण्डेय मौजूद रहे। विशेष पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश के मयूर शुक्ला चुने गए।

### वनस्पति विज्ञान विभाग में पुरातन छात्र समारोह आज

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय वनस्पति विज्ञान विभाग में पुरातन छात्र समारोह का आयोजन रविवार को किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय करेंगे। यह जानकारी विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुन्ना सिंह ने दी। प्रो. मुन्ना सिंह ने बताया कि कार्यक्रम 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय वनस्पति विभाग एलुमिनाई एसोसिएशन का गठन 1997 में किया गया। उसी समय से प्रति वर्ष यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से सभी एलुमिनाई को विभागीय प्रोग्रेस से अवगत कराया जाता है। इस समारोह में देश-विदेश में फैले वनस्पति विज्ञानी भाग लेंगे और अपने विचारों का आदान प्रदान करेंगे। इसके अलावा, वर्ष 2024 की कौंसिल का गठन किया जाएगा।

# पर्यटन को बढ़ावा देने को महिलाओं ने की वोटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्काइ वार क्लब ने गोमती नदी को साफ रखने का दिया संदेश

**अमृत विचार :** गोमती नदी को स्वच्छ रखने का संदेश देने के साथ ही स्काइ वार क्लब की महिलाओं ने वोटिंग की। लखनऊ में पर्यटन को बढ़ावा देने लिए क्लब की महिलाएं झूले लाल पार्क पहुंची। यहां गोमती नदी के किनारे सभी ने राजधानी के पर्यटन स्थलों की चर्चा की।

क्लब की सचिव शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि हमारा लखनऊ किसी भी मामले में पहाड़ों पर स्थित पर्यटन स्थल से पीछे नहीं है। रीता और मिनी के अनुसार गोमती में वोटिंग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिससे शहर की इस लाइफ लाइन को स्वच्छ रखा जा सके। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। क्लब की सदस्यों ने गोमती नदी के किनारे खाने का लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम में दीप्ती, गीता, नम्रता, रीता, अंजू, मिनी, मीनू, रेखा, आरती, दिव्या, नीलम, शालू, सारिका, ऋतु, श्रुति, पायल, सुनीता और गरिमा मौजूद रहीं।



गोमती नदी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नौका विहार करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# अपशिष्ट प्रबंधन से होगी पर्यावरण की रक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बीबीएयू में अपशिष्ट पुनर्चक्रण एवं पर्यावरण प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन

**अमृत विचार :** अपशिष्ट प्रबंधन से जहां पर्यावरण की रक्षा होगी तो वहीं, कचरे का सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से निपटान करके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को भी कम किया जा सकता है। ये बातें आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. रामचंद्रा ने कही।

वे बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान विभाग की तरफ से अपशिष्ट पुनर्चक्रण एवं पर्यावरण प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। शनिवार को कांफ्रेंस का समापन हुआ। आयोजन सचिव डॉ. जीवन सिंह ने बताया कि इस कांफ्रेंस में देश-विदेश के कई विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और पोस्टर एवं पेपर प्रस्तुतिकरण दिया।

**अपशिष्ट प्रबंधन से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा :** समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण को काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है। क्योंकि लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को रोकता है। प्रो. नवीन कुमार अरोरा ने कहा कि हमें इस प्रकार से सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करना होगा। प्रो. शिखा ने भी अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न तरीकों की विस्तृत चर्चा की। दक्षिणी कोरिया के क्वांगोन यूनिवर्सिटी के प्रो. जगन्नाथ रेड्डी ने सतत पर्यावरणीय उपचार के लिए कार्यात्मक ग्रेफाइटिक कार्बन-आधारित सामग्री विषय पर चर्चा की। यूएसए के प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के डॉ. अजय नागपुरे ने कहा कि तीन उच्च से मध्य-सामाजिक आर्थिक स्थिति वाले पड़ोसी इलाकों में अवैध रूप से डंप किए गए अधिक निष्क्रिय (निर्माण अपशिष्ट) पाए गए।

### युवा वैज्ञानिकों को किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से सर्वश्रेष्ठ पेपर एवं पोस्टर प्रस्तुतिकरण पुरस्कार, युवा वैज्ञानिक एवं युवा महिला वैज्ञानिक पुरस्कार दिया गया। इस दौरान विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये प्रतिभागी, शोधार्थी एवं अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

### दूषित जल से धातु हटाने में नैनो टेक्नोलॉजी की जरूरत

बीएचयू के रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. योगेश चन्द्र शर्मा कहा कि दूषित जल से धातु हटाने में नैनो टेक्नोलॉजी की आवश्यकता है। नैनो अधिशोषक में उच्च सतह क्षेत्र, उच्च अधिशोषण क्षमता और उत्प्रेरक क्षमता होती है, जिसका प्रयोग कार्बन नैनोट्यूब में धातु को हटाने के लिए किया जाता है। सीएसआईआर- सीमैप लखनऊ की डॉ. पूजा खरे पर्यावरणीय अनुप्रयोग के लिए बायोमास अपशिष्ट का बायोचार में मूल्यांकन विषय पर कहा कि बायोचार में उच्च जल-धारण क्षमता होती है। इसका उपयोग पानी से प्रदूषकों को हटाने के लिए भी किया जा सकता है।

# पान सिंह क्लब के सामने बीकेटी की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शारदा नगर के रजनीखंड स्थित अवध पब्लिक स्कूल में शुरू हुई जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले की तस्वीर शनिवार को साफ हो गई। फाइनल मुकाबले में रविवार को पान सिंह तोमर क्लब के सामने बीकेटी क्लब की चुनौती होगी। दोनों ही टीमों ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन अवध पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मेघा शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में जस कबड्डी अकादमी, इक्सीलिया कबड्डी अकादमी, बीकेटी क्लब, पान सिंह तोमर कबड्डी क्लब, साई सेंटर लखनऊ, मवैया कबड्डी क्लब, अवध पब्लिक स्कूल और डॉ.वीरेंद्र स्वरूप स्कूल महानगर ने हिस्सा लिया। पहले मुकाबले में जस कबड्डी अकादमी ने अवध पब्लिक स्कूल को 35-16 अंकों के अंतर से हरा दिया।

अन्य मुकाबलों में पान सिंह तोमर क्लब ने वीरेंद्र स्वरूप स्कूल महानगर को 45-19, बीकेटी क्लब ने मवैया कबड्डी क्लब को 31-28 और साई सेंटर लखनऊ ने इक्सीलिया कबड्डी अकादमी को 42-23 अंकों के अंतर से हरा दिया। पहले सेमीफाइनल में पान सिंह तोमर कबड्डी क्लब ने जस कबड्डी अकादमी को रोमांचक मुकाबले में 29-27 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में बीकेटी क्लब ने आसान जीत दर्ज की।

बीकेटी ने साई सेंटर लखनऊ को 28-17 अंकों के अंतर से हराया। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अनूप शुक्ला, सचिव सीजी शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह और संयुक्त सचिव शराफत अली मौजूद रहे।

ST. FRANCIS INTER COLLEGE
RAE BARELI ROAD, NIGOHAN, LUCKNOW -226302, U.P.
URGENTLY REQUIRED
1. PHYSICAL EDUCATION TEACHER
Qualification - M.P. Ed. (P.G.T.)
Note: Experienced & Interested Candidates may send their resume along with all the documents to the Principal.
CONTACT DETAILS!
E-Mail: st.francis. nigohan@gmail.com
Phone No.- 9621363655

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

प्रतियोगिता | 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक व बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप

# बालक-बालिका दोनों वर्गों में उत्तर प्रदेश की टीम फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की बालक व बालिका टीम ने 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक व बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए फाइनल में जगह बना ली है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में खेली जा रही चैंपियनशिप में शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के बालकों ने एक रोमांचक मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ 35-34 गोल से जीत दर्ज की। ये मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसके पहले हॉफ में दोनों ही टीमें 18-18 से बराबरी पर रहीं।



फाइनल में पहुंचने वाली उत्तर प्रदेश की बालिका टीम। अमृत विचार

दूसरे हॉफ में यूपी के खिलाड़ियों ने रणनीति बदली और आक्रामकता दिखाई जिसका फायदा टीम को मिला और उसने मात्र एक गोल के अंतर से जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। यूपी से सर्वेश कुमार ने सबसे ज्यादा 9 गोल दागे। विकास राजभर व प्रवेश सिंह ने 6-6 गोल करने में सफलता हासिल की। शिवम सरोज ने चार व अमित यादव ने तीन गोल किए।

दूसरी ओर बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 22-15 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच में उत्तर प्रदेश की लड़कियों ने मध्यांतर तक 11-6 से बढ़त बना ली थी। यूपी से प्रीति यादव ने सर्वाधिक 10 गोल दागे। काजल पटेल ने 5, अनन्या यादव ने 3 एवं वैष्णवी सिंह ने 2 गोल किए। गुजरात से अनीषा ने 7, मनाली ने 4 व प्रियंका ने दो गोल किए।

उत्तर प्रदेश टीम के फाइनल में पहुंचने पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने खुशी जताई।

उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने कड़ी चुनौती से निपटते हुए ये सफलता हासिल की है। मैं दोनों ही टीमों को खिताबी मुकाबले में जीत के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए खिताब जीतने में कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व उत्तर प्रदेश की बालिकाओं ने साल 2022 और उत्तर प्रदेश के बालकों ने 2021 में हुई चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीते थे।

### एमबी क्लब कप के लिए घुड़दौड़ प्रतियोगिता आज

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ रेस कोर्स रविवार को एक बार फिर घुड़सवार के शौकीनों से गुलजार होगा। यहां पर लोग एक बार फिर अपने पसंदीदा घोड़े पर दांव लगाते नजर आएंगे। पिछले दो बार के चैंपियन विजयस ज्वाय से सभी ने उम्मीदें लगा रखी हैं। इसके अलावा डार्क टाइगर और कोल हैट्री भी इस बार जलवा दिखाते नजर आएंगे। घोड़े के मालिक शनिवार को रेसकोर्स पहुंचे और वहां पर जॉकी के साथ बातचीत की और घोड़े के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी ली। यहां पर लोगों ने बताया कि एमबी क्लब कप के लिए थारोब्रीड की घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इससे पहले इंडियन ब्रीड की घुड़दौड़ प्रतियोगिता होगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले घोड़े के मालिकों को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है
ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता- उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट- इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान - उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैने अपने पुत्र डेनिस बाल्मीकि और पुत्रवधु निशा के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किए कार्यों एवं लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। -ओमप्रकाश पुत्र मन्नीलाल 166/ठ -1 बीबीपुर चकेरी एरोड्रम, कानपुर

सूचना
मेरे पुराने पासपोर्ट पर मेरे पिता का नाम तुर्टिवश बशीर अहमद अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम छेदा है। समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का नाम छेदा ही माना जाये। मो0 गुफरान पुत्र छेदा निवासी मोहल्ला खत्राना कस्बा परगना थाना बिलग्राम हरदोई

**एक नजर**

### ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की होती है बचत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि साल 2019 से प्रदेश में ईपीसी मोड पर काम शुरू हुआ था, जिसके बाद निर्माण के क्षेत्र में बदलाव आया है। इसके बाद भवनों का निर्माण गुणवत्ता युक्त और निश्चित समय में पूरा होने लगा है। मुख्य सचिव, शनिवार को योजना भवन में ईपीसी मोड पर भवन निर्माण कार्य विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले प्रोजेक्ट डिजाइन, बिड और बिल्ड (डीबीबी) के आधार पर बनाये जाते थे। ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की बचत होती है। परियोजना को डिजाइन करना, उसमें लगने वाली सामग्री को खरीदना और निर्माण ठेका लेने वाली फर्म की जिम्मेदारी होती है। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ईपीसी को मिशन मोड में गठित किया गया है।

# घायल बुजुर्ग को बिना इलाज लौटाया

## निगोहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

संवाददाता, निगोहां

- निजी अस्पताल में बुजुर्ग ने कराया उपचार
- पीएचसी में लम्बे समय से चिकित्सक हैं नदारद
- अधिकारियों ने कहा, जांच के बाद होगी कार्रवाई


इब्बन अली

**अमृत विचार:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निगोहां में शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही देखने को मिली। घायल बुजुर्ग को जिम्मेदारों ने बिना इलाज किए लौटा दिया। बुजुर्ग ने निजी अस्पताल में जा कर उपचार कराया। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अधिकारियों ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

पीड़ित बुजुर्ग इब्बन अली ने बताया कि शनिवार को बाजार से घर लौटते समय एक ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिसके कारण हाथ में खरोंच आने के साथ खून निकल रहा था। निगोहां पीएचसी पहुंचकर पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टर नहीं मिले। इसके बाद मौजूद फार्मेसिस्ट राम नरेश ने कहा कि यहां मलहम पट्टी करने वाला कोई नहीं है, चाहो तो अपने आप कर लो। जिसके बाद इब्बन अली ने निगोहां कस्बे के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। पीड़ित के मुताबिक सीएचसी अधीक्षक मोहनलालगंज का फोन नहीं उठा। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीएमओ से करने की बात कही है।

पीएचसी पर मौजूद मरीजों का कहना है कि पीएचसी पर चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति न होने से मरीजों को निजी अस्पतालों में इलाज के लिए जाना पड़ता है। ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित ने बताया कि पीएचसी निगोहां में लम्बे समय से चिकित्सक नदारद हैं।

यह पीएचसी केवल फार्मेसिस्ट राम नरेश के सहारे चल रही है। जिसकी नियुक्ति माल में है। काफी समय से यहां अटैच है। जिसकी शिकायत अनेकों बार स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों सहित स्वास्थ्य मंत्री तक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति के लिए मांग कर चुके हैं।

वहीं इस मामले में सीएचसी अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि निगोहां में तैनात चिकित्सक की ड्यूटी बाहर लगी होने के कारण निगोहां पीएचसी नहीं पहुच पा रहे हैं। जल्द ही यहां पर चिकित्सक की तैनाती की जाएगी जिससे की दिक्कत न हो।

# पहले लगाए ठुमके, फिर जमकर हुई कहासुनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कसाईबाड़ा पीएचसी में डांस के दौरान आपस में भिड़ीं स्टॉफ नर्स और एएनएम
- इलाज न मिलने से नाराज तीमारदार की पीएचसी प्रभारी से हुई कहासुनी

**अमृत विचार :** गणेशगंज स्थित कसाईबाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में शनिवार को मरीजों का इलाज करने के बजाय यहां का स्टॉफ मनोरंजन में लीन रहा। फिल्मी गीतों पर जमकर डांस पार्टी हुई। इस बीच इलाज के लिए आए कई मरीजों को वापस लौटना पड़ा। पार्टी के दौरान स्टॉफ नर्स और एएनएम के बीच काफी देर तक तीखी झड़प होती रही। वहीं पीएचसी पर चिकित्सकीय काम बाधित हो गया। पीएचसी प्रभारी मौके पर पहुंचीं तो वहां पर इलाज न मिलने से नाराज एक तीमारदार पीएचसी प्रभारी से भिड़ गया।

दोनों के बीच तीखी झड़प हुई। महिला डॉक्टर ने वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोप है तीमारदार ने मोबाइल छीनकर अभद्रता की। इस मामले को लेकर सीएमओ ऑफिस में शिकायत की गई है। सीएमओ ने मामले की जांच का आदेश दिया है।

कसाईबाड़ा पीएचसी रेडक्रॉस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीन संचालित है। पीएचसी प्रभारी डॉ. प्रिंयका त्रिपाठी हैं। वह दोपहर में संकल्प यात्रा की ड्यूटी करने गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यहां पर तैनात एएनएम ने पीएचसी पर गाना बजाकर जमकर ठुमके लगाए। इसी बीच एएनएम व स्टॉफ नर्स के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सूचना पाकर पीएचसी प्रभारी मौके पर पहुंचीं तो इलाज न मिलने से नाराज तीमारदार उन्हीं से भिड़ गया।पीएचसी पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। महिला प्रभारी ने इसकी शिकायत नाका कोतवाली में करने के साथ ही सीएमओ ऑफिस में दर्ज कराई। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, मामले के लिए जांच कमेटी गठित की जा रही है। पीएचसी पर डांस किए जाने का मामला बेहद गंभीर है। सीएमओ के मुताबिक एएनएम की शिकायत कई बार पहले भी आ चुकी है। जांच में एएनएम-स्टॉफ नर्स दोषी मिले तो उन्हें हटाया जाएगा। फिलहाल अभी दोनों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बीआरडी में सफाई व्यवस्था चौपट

- महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल में गंदगी से मरीज व तीमारदार परेशान, फोटो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


परिसर में पड़ा खून से सना कपड़ा।


इमरजेंसी में पड़े इस्तेमाल हुए दस्ताने।

**अमृत विचार :** महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल (बीआरडी) में साफ-सफाई की व्यवस्था चौपट है। इमरजेंसी में ही बायो मेडिकल वेस्ट इधर-उधर फेंका जा रहा है। साथ ही परिसर में ही बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की निर्माणाधीन गैलरी में भी खून से सने कपड़े व अन्य बायो मेडिकल वेस्ट बिखरा हुआ है। जिसे कुत्ते पूरे अस्पताल में बिखेर रहे हैं। शनिवार को किसी तीमारदार ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

महानगर का भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल 100 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां इमरजेंसी के साथ ही जच्चा-बच्चा केंद्र भी है। ट्रांस गोमती क्षेत्र का अकेला संयुक्त अस्पताल होने के चलते यहां मरीजों की भीड़ रहती है। इसके बाद भी यहां सफाई की जिम्मेदारी का जिम्मा महज 10 सफाई कर्मियों पर है। लापरवाही का आलम यह है कि पूरे परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट इधर-उधर पड़ा रहता है। इससे यहां आने वाले मरीजों व तीमारदारों को संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनीष का कहना है कि साफ-साफ का जिम्मा निजी कंपनी सन फेसलटी का है। कंपनी से जवाब तलब किया जाएगा।

### वेतन विसंगति को लेकर एनएचएम कर्मियों का अभियान कल से

अमृत विचार, लखनऊ : वेतन विसंगति को लेकर एनएचएम कर्मचारी 12 से 22 फरवरी तक विशेष अभियान चलाएंगे। इसके तहत मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए हर जिले से 10 हजार पत्र लिखे जाएंगे। इसे एक्स पर हैशटैग भी किया जाएगा। इसके बाद 25 फरवरी को प्रदेश बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें आगे की लड़ाई लड़ने को लेकर रणनीति तय की जाएगी। एनएचएम प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष भारत सरकार द्वारा तीन प्रतिशत अतिरिक्त बजट वेतन विसंगति दूर करने के लिए दिया जा रहा है। जिसका उपयोग से हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार सरकार ने वेतन नीति का निर्धारण का संविदा कार्मिकों की वेतन विसंगति दूर की गई मगर उत्तर प्रदेश में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और सरकार के ध्यान न देने कारण आठ साल बाद भी उस बजट का उपयोग शुरु नहीं किया गया।

# समय से पहले बंद मिली पीएचसी तो नपेंगे प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार**
**खबर का असर**


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र : कहीं ताला तो कहीं डॉक्टर ही नदारद

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

- शाम 4 बजे से पहले पीएचसी बंद होने के मामले में सीएमओ ने दिए निर्देश
- निगरानी के लिए बनाए गए नोडल अफसर

**अमृत विचार :** अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर डॉक्टरो की मनमानी नहीं चलेगी। निर्धारित समय से पहले यदि केंद्र बंद मिला तो जिम्मेदारों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसकी निगरानी के लिए नोडल अफसर बनाए गए हैं। जो सुबह, दोपहर और शाम को केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपेंगे।

राजधानी में पीएचसी केंद्रों पर आने वाले मरीजों को इलाज में क्या दुश्वारियां झेलनी पड़ रहीं हैं। इसको लेकर 'अमृत विचार' की टीम ने शुक्रवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की पीएचसी का निरीक्षण किया था।

जहां सामने आया कि केंद्रों के खुलने का समय शाम चार बजे तक का है, लेकिन ज्यादातर केंद्र निर्धारित समय से पहले ही बंद हो जा रहे। इसके अलावा कई केंद्रों पर डॉक्टर ही नदारत मिले थे। इस सम्बंध में शनिवार को प्रकाशित खबर का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने संज्ञान लेते हुए जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा है।

सीएमओ के मुताबिक पीएचसी प्रभारियों को एक स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि किसी भी सूरत में केंद्र को निर्धारित समय से पहले न बंद किया जाए। इसकी निगरानी के लिए नोडल भी बनाए गए हैं। जो केंद्रों की सुबह खुलने के समय, दोपहर और शाम को बंद होने के समय का अपडेट करेंगे। साथ ही जो डॉक्टर व स्टॉफ केंद्र से अनुपस्थित रहे हैं उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## फाइलेरिया से बचाव की दी जानकारी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को फाइलेरिया से बचाव को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा और अनुज पाल के साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंदन कुमार सिंह यादव ने किया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक ने फाइलेरिया से बचाव के विभिन्न तरीके बताते हुए इसके बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में उन्होंने आशा और एएनएम को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कराने को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर मलेरिया इंस्पेक्टर सुयश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल परिसर में अस्थाई पार्किंग से लोगों को आये दिन होती है आने-जाने में समस्या, जिम्मेदार मौन।

# मेदांता में वृद्धा की मौत परिजन ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने अस्पताल पर लगाया गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार शाम एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिजनों ने मरीज को जला कर मार डालने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया है।

दरअसल, प्रतापगढ़ में पट्टी स्थित रमईपुर जिसनी गांव निवासी कमला देवी (68) को सीने में दर्द और उल्टियों की शिकायत पर सात फरवरी को परिजन मेदांता अस्पताल दिखाने पहुंचे थे। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने किडनी और हार्ट की समस्या बताकर मरीज को भर्ती करने की सलाह दी। जिस पर परिजनों ने मरीज को भर्ती करा दिया। मरीज की देखभाल उनकी बेटी मीना कर रही थीं। इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर मरीज को वेंटीलेटर सपोर्ट पर कर दिया गया था। जहां उनकी शनिवार शाम मौत हो गई। परिजन ब्रजेश सिंह के मुताबिक वेंटीलेटर पर रखने के दौरान मरीज के वार्मर लगाया गया था। जिससे मरीज के शरीर में कई जगह जलने का निशान पड़ गया है। उनकी मौत बीमारी से हुई या जलने से। इसकी जांच होनी चाहिए। मेदांता प्रशासन ने परिजनों के आरोपो को बेबुनियाद बताया है। मेदांता प्रशाासन की माने तो शव पर जले का नहीं बल्कि दवाओं के रिएक्शन का निशान है।

# सामान्य एंटीबायोटिक से सुधार नहीं तो पीआईडी के संकेत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


प्रो. सुधीर गुप्ता


प्रो. अमिता अग्रवाल

- पीजीआई में पीआईडी पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** प्राइमरी इम्यूनो डिसिसिएंसी (पीआईडी) के आशंका का पता शुरूआती दौर में सामान्य चिकित्सक भी लगा सकते हैं। व्यक्ति को यदि बार-बार संक्रमण हो रहा है। सामान्य खाने वाली एंटीबायोटिक से सुधार नहीं हो रहा है। भर्ती करना पड़ रहा है और लिम्फोसाइट की संख्या कम है तो यह पीआईडी के आशंका की पुष्टि कराने के लिए विशेषज्ञ से पास भेजने की जरूरत है।

यह जानकारी संजय गांधी पीजीआई के क्लीनिकल इम्यूनोलाजी विभाग की प्रमुख प्रो. अमिता अग्रवाल और फाउंडेशन फार पीआईडी अमेरिका प्रो. सुधीर गुप्ता ने इंडियन सोसाइटी आफ पीडीआई के अधिवेशन में दी। उन्होंने बताया कि टीएलसी की जांच बीस से तीस रूपए में किसी भी पैथोलॉजी पर आसानी से हो जाती है। इस बीमारी के पुष्टि के लिए आगे इम्यूनोग्लोबलीन आईजी, आईजीए और आईजीएम की जांच के साथ लिम्फासाइट सब सेल की जांच फ्लोसाइमेंट्री से करने के बाद विशेष पुष्टि के लिए डेनटिक जांच कराते हैं। फाउडेशन फार पीआईडी ने संस्थान में मरीजों के फ्री परीक्षण के लिए आर्थिक सहयोग किया है। प्रो. अमिता ने बताया कि गरीब मरीजों की फ्री जांच करेंगे। फाउडेशन इलाज में भी मदद करने के लिए आश्वस्त्य किया है। अधिवेशन में अमेरिका से डॉ. ट्रोआंय टोरगर्सन, डॉ. सेरींगो रोसेनजवींग सहित कई विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

# बरेली में तैनात पीएसी दरोगा की सीने में दर्द के बाद मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली में तैनात पीएसी दरोगा विश्वेंद्र (39) की हजरतगंज इलाके में शनिवार सुबह सीने में दर्द के बाद मौत हो गई। पीएसी जवानों ने दरोगा के परिजन को इसकी सूचना दी। वहीं, हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पीएसी आठ बटालियन में तैनात प्रभारी निरीक्षक अतुल सिंह के मुताबिक, मूलरूप से बिजनौर जनपद निवासी दरोगा विश्वेंद्र बरेली में तैनात थे। चार दिन पूर्व उनकी निर्वाचन आयोग में ड्यूटी लगाई थी। ड्यूटी के लिए वह लखनऊ आए थे। आयोग कार्यालय के पास ही कैंप लगा था। जिसमें उनके रहने का इंतजाम किया गया था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे सीने में दर्द होने से उनकी नींद खुल गयी। उन्होंने कराहते हुए साथियों को आवाज दी। विश्वेंद्र की हालत देख साथी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना साथियों ने अधिकारियों और पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक अतुल सिंह ने बताया परिजन शाम को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन के सुपुर्द दरोगा का शव कर दिया गया। जिसे गृह जनपद लेकर गये हैं।

# शुरू होगा प्रिसिजन मेडिसिन आधारित इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- केजीएमयू में प्रिसिजन मेडिसिन और इंटेंसिव केयर कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सभी विभागों समेत अन्य चिकित्सा संस्थानों तक प्रिसिजन मेडिसिन आधारित चिकित्सा शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए 26 डॉक्टरों ने खाका खींचा है। दो से तीन दिन में इसका लिखित प्रारूप भी तैयार हो जाएगा। वहीं एक महीने में प्रिसिजन मेडिसिन आधारित चिकित्सा की शुरूआत केजीएमयू के अन्य विभागों में हो सकती है। यह जानकारी केजीएमयू में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के एचओडी प्रो. अविनाश अग्रवाल ने दी है।

दरअसल, प्रिसिजन मेडिसिन और इंटेंसिव केयर कॉन्फ्रेंस का आयोजन केजीएमयू में किया गया। जिसके बाद मेडिसिन, जेनेटिक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, क्रिटिकल केयर, फार्माकोलॉजी समेत अन्य बिमारियों के विशेषज्ञों ने एक टेबल टॉक की। जिसमें प्रिसिजन मेडिसिन विधा से देश के अन्य संस्थानों और विशेषज्ञों को जोड़ने पर चर्चा हुई। बाद में इसका एक खाका तैयार हुआ है।

**क्या है प्रिसिजन मेडिसिन**

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रिसिजन मेडिसिन चिकित्सा की वह विधा है जिसमें व्यक्ति के प्रकृति, वातावरण, व समूह के आधार पर चिकित्सा की जाती है। इस विधा से मरीजों का वर्गीकरण कर उनको सटीक इलाज देना संभव होता है।

प्रो. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि हमारी कोशिश है कि प्रिसिजन मेडिसिन से अधिक से अधिक विशेषज्ञ जुड़ें और इसका फायदा आम लोगों को मिल सके। इसके लिए बैठक कर हमने जानकारी साझा की है। इसका लिखित प्रारूप मंगलवार तक तैयार हो जाएगा। जिसकों एक महीने के भीतर लागू कराने का प्रयास है।

### शिक्षा रत्न से सम्मानित किए गए शिक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक स्व. शिव सहाय जायसवाल की चौथी पुण्यतिथि रविवार को बाल निकुंज गर्ल्स अकादमी बेलीगारद में आयोजित की गई। इस मौके पर निदेशक एचएन जायसवाल सहित टीचर्स, स्टाफ और स्टूडेंट्स ने श्रद्धांजलि देकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए शिक्षाविदों अंगद सिंह, राम उजागिर शुक्ला, महादेव यादव, आर डी मौर्या, शैल सिंह, ऋषभ द्विवेदी, मिथिलेश त्रिवेदी, के के दुबे, शिव शरण, भानु प्रताप सिंह को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर शिक्षा रत्न अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने जाने ओ कहां चले गए मेरे राम, सुख के सब साथी दुख के न कोई सहित चिट्ठी न कोई संदेश गीत गाकर सभी का मनमोह लिया।


ईएमआरआई ग्रीन कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करता 108 एंबुलेंस कर्मी।

### 108 एंबुलेंस के चार कर्मचारियों को मिला नेशनल सेवियर अवार्ड

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश की 108 नंबर एम्बुतलेंस में मरीजों को तत्काल सेवा देने वाले चार ईएमटी पायलटों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए 'नेशनल सेवियर अवार्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें शनिवार को हैदराबाद में संपन्न सम्माान समारोह में सेवा प्रदाता ईएमआरआई ग्रीन हेल्थर सर्विसेज के चेयरमैन जीवीके रेड्डी के हाथों मिला। संस्थाा के टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि उत्तर प्रदेश 108 एम्बुेलेंस सेवा के अरुण कुमार यादव, मनीष कुमार, रवि प्रजापति और संतोष भारतीय को सम्मापनित किया गया है। इन सभी ने इमरजेंसी के दौरान लोगों को अपनी विशिष्टर सेवाएं देकर उनकी जान बचाने अहम योगदान किया है। मालूम हो कि ईएमआरआई ग्रीन हेल्थं सर्विसेज, उप्र के अलावा अन्यक 15 राज्योंष में भी एम्बुकलेंस सेवाएं संचालित करती है। राज्यों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को चेयरमैन जीवीके रेड्डी, निदेशक कृष्णिम राजू ने कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सर्वर रहा डाउन, नहीं जमा हो पाये बिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

> सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ताओं के कामों में देरी हुई है। सर्वर के सामन्य होते ही लोगो के कामों को तेजी से निपटाया गया।
> –**सुनील कपूर,** मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

**अमृत विचार:** राजधानी के कई बिजली उपकेंद्रों पर शनिवार को सर्वर डाउन रहा।जिसके चलते नये कनेक्शनों से लेकर प्रीपेड मीटर को रीचार्ज कराने आए उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच सर्वर के सामान्य होने का उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान सर्वर के सामन्य होने की जानकारी जुटा रहे लोगों की उपकेंद्र अधिकारियों और कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। लेसा अधिकारियों के अनुसार अचानक सर्वर डाउन होने के चलते नये कनेक्शन और मीटर रीचार्ज के कामों के निपटानें मे देरी हुई। सर्वर के चालू होते ही उपभोक्ताओं के कामों को तेजी से निपटाया गया।

शहर के बीकेटी, जानकीपुरम, चिनहट, सरोजनीनगर, कानपुर रोड़ समेत कई बिजली उपकेंद्र पर सुबह से सर्वर डाउन रहा। जिसके चलते नये कनेक्शनों के लिए आवेदक और मीटर रीचार्ज के लिए लोग घंटों इधर उधर भटकते रहे। इस बीच कई उपकेंद्रों पर बिल जमा करने वाले के साथ मीटर रीचार्ज कराने वाले उपभोक्ताओं की काउंटरों पर लंबी लाइन दिखी। सर्वर सामान्य होने की जानकारी ना मिलने से नाराज लोगों की कर्मचारियों की गहमागहमी भी हुई। चिनहट के शिवपुरी निवासी रमाकांत सिंह ने बताया कि रीचार्ज होने के कारण घर की बिजली बंद हो गई। जिसको रीचार्ज कराने आए हैं। मीटर रीचार्ज ये लोग नही कर रहे है। और ना ही कुछ बता रहे हैं। घंटो बाद बता रहे कि सर्वर डाउन होने की वजह से मीटर को रीचार्ज नही किया जा सकता है। वही बीकेटी की नीता कश्यप ने बताया कि बिजली का नये कनेक्शन लेने के लिए आए है। लेकिन सर्वर डाउन होने के चलते घंटों से इंतजार कर रहें हैं। सर्वर कब तक सामन्य होगा यह कोई अधिकारी नही बता रहा हैं।

**बुरा हाल** प्रसव पीड़ा के दौरान महिलाओं को करना पड़ता है दिक्कतों का सामना

# कठवारा पीएचसी बने सीएचसी तो गर्भवती महिलाओं को मिले लाभ

संवाददाता, बख्शी का तालाब


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कठवारा की टूटी हुई बाउंड्रीवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कठवारा के नजदीक करीब एक दर्जन गांव आते है।लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गर्भवती महिलाओं को अपनी जांच कराने व बेहतर सुविधाओं के लिए करीब पन्द्रह किलोमीटर की दूरी तय कर शाढ़ामऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जाना पड़ता है। जिससे प्रसव पीड़ा के दौरान महिलाओं को काफी मुसीबतों का सामना भी करना पड़ता है। कभी कभार अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने के कारण लोग रास्ते में ही पड़ने वाले कई बड़े प्राइवेट अस्पतालों में ही गर्भवती महिलाओं को भर्ती करवा देते है और लाखों रुपये खर्च कर देते है।

बख्शी का तालाब में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पीएचसी) कठवारा आता है।शुक्रवार की दोपहर करीब ढाई बजे अमृत विचार टीम ने इस पीएचसी द्वारा ग्रामीणों व गर्भवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं की हकीकत परखी। पीएचसी में मौजूद प्रभारी डॉ. हसनाबारी ने बताया कि इस पीएचसी में उनके अलावा एक महिला डॉ.ममता की तैनाती है मगर आज वह सन्डे मेला ऑफ पर है।वहीं अन्य चार कर्मचारियों की तैनाती है, जिसमें ज्योती वर्मा अस्पताल में मौजूद थीं परंतु फार्मासिस्ट अरुण की जगह फार्मासिस्ट आशीष मौजूद थे। एलटी देवेंद्र अवकाश पर होने की जानकारी दी गई।पीएचसी के स्वीपर उस्मान ने बताया कि बंदरो ने पानी की टंकी तोड़ दी थी उसे ही दुरुस्त करवा रहे थे।

**टूटा गेट व बाउंड्रीवाल**

पीएचसी की सुरक्षा के लिए चारों तरफ बाउंड्रीवाल व दो बड़े लोहे के गेट लगवाए गए थे जो अब टूट चुके है, और बाउंड्रीवाल भी कई जगह गिर गई है। जिससे पीएचसी परिसर में आवारा कुत्तों व मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।वहीं लाखों रुपए की लागत से बने डॉक्टरों के लिए सरकारी आवास भी देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गए है और उनमें बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी है।

> सभी पीएचसी प्रभारियों व अन्य स्टॉफ को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक अस्पताल में उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं।वहीं कठवारा पीएचसी की बाउंड्रीवाल टूटी है जिसका जानकारी विभाग को दी गई थी।जल्द ही उसे सही करवाया जाएगा
> –**जेपी सिंह,** अधीक्षक सीएचसी शाढ़ामऊ बीकेटी

## एक नजर

### बिजली चोरी के विरोध में महिला के कपड़े फाड़े

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग थाना अंतर्गत हाता करीम बक्श निवासी रूही खां पत्नी एजाज अहमद ने बताया पड़ोसी उसके केबल में कट बनाकर पांच माह से बिजली चोरी कर जला रहे थे। जानकारी होने पर उसने विरोध किया। इससे आक्रोशित आरोपी गाली गलौज कर मारपीट कर आरोपियों ने कपड़े फाड़ दिया। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपियों से जानमाल को खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया महफूज अली, मकसूद अली और शैली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महिला को फोन पर मिल रही धमकी, शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के विपिनखंड निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अज्ञात नंबर से उसके पति के मोबाइल पर काल आई। उधर से बोलने वाले ने बताया कि महिला ने क्रेडिट कार्ड लेने के बाद भुगतान नहीं किया है। पति ने महिला के नाम कोई क्रेडिट कार्ड इश्यु नहीं होने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद से नंबर बदल कर उसे धमकी दी जा रही है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### युवती का मोबाइल लूटकर बाइक सवार बदमाश फरार

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत बी-4/189 सेक्टर 4, निवासी पूजा शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे लक्ष्मी बाजार से लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंचे। उसकी बगल में बाइक लगा बैग लूट कर फरार हो गये। शोर मचाने पर जब तक आसपास के लोग पहुंचे बदमाश लापता हो चुके थे। पूजा के पिता ने पुलिस को तहरीर दी।

# नमस्ते लखनऊ अभियान को पुलिस ने किया 'नमस्ते'

## बुजुर्गों व महिलाओं के साथ सुबह-शाम होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए हुई थी पहल, लोगों से उनकी और क्षेत्र की जाननी थी स्थिति

- सुबह-शाम हो रहीं मोबाइल और चेन लूट की सबसे अधिक घटनाएं

गजेंद्र पांडेय, लखनऊ



अभियान की शुरुआत के मौके पर अभिवादन करतीं महिला पुलिस कर्मी। (फाइल फोटो)

अमृत विचार: नमस्ते... कैसे हैं आप..... आपके क्षेत्र में सब कुशल-मंगल है न, कोई परेशानी हो तो बेझिझक बताएं, हमें आपकी सेवा कर अच्छा लगेगा... करीब तीन वर्ष पहले मॉर्निंग वॉक पर पार्क में कुछ इसी अंदाज में पुलिस ने आम जनता से रूबरू होने की पहल की थी। पुलिस का यह रूप 'नमस्ते लखनऊ' योजना में नजर आना था। तत्कालीन पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय ने वीमेन पावर लाइन 1090 चौराहा से अभियान की शुरुआत की थी। इसका मकसद सुबह शाम पार्कों के अंदर व आसपास महिलाओं व बुजुर्गों से होने वाली आपराधिक वारदातों को रोकना और जनता में सुरक्षा का अहसास कराना था, महज कुछ दिन नमस्ते कर लखनऊ पुलिस ने अभियान को 'नमस्ते' कर लिया।

एक मार्च 2020 को नमस्ते लखनऊ अभियान शुरू किया गया था। अभियान के तहत सुबह साढ़े पांच से सात बजे तक पार्क में टहलने वाले लोगों और वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर पुलिस कर्मियों को उनका नाम पता और मोबाइल नंबर के साथ समस्याओं को एक रजिस्टर में दर्ज करना था। शाम को भी इसी समय पार्कों के अंदर और आसपास के इलाके में पुलिस की मौजूद रहनी थी। पहले चरण में अभियान में 10 पार्क शामिल किए गए थे। अभियान में शामिल पुलिस टीम मौके को लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश थे। जिसकी बाद में संबंधित थाने को जानकारी देनी थी।

### अभियान की निकली हवा

एक मार्च 2020 में पुलिस आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर गाजे-बाजे के साथ अभियान की शुरुआत की थी। इसके लिए 20 वाहनों में पुलिस टीम रवाना की गई थी, जो सुबह शाम पार्कों के बाहर भ्रमणशील थी। दो शिफ्ट में 10-10 वाहन लगाए गए थे। वाहनों में एक रजिस्टर रखा गया है, जस पर लोगों की समस्याएं दर्ज की जानी थीं। पार्क में घूमने वालों से पुलिस महकमे में सुधार संबंधी सुझाव भी लिए जाने थे। इसके लिए पुलिस कर्मियों को दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। एक वाहन में एक दरोगा, दो महिला पुलिसकर्मी और दो पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### अधिकारियों ने आमजन का जाना था हाल

अभियान की शुरुआत लोहिया पार्क, रिवर फ्रंट, मिनी स्टेडियम, विजयंत खंड, मल्हौर एल्डिको रोड, रेस कोर्स तोपखाना, दिलकुशा कोठी, कालिंदी पार्क वृंदावन, दीन दयाल पार्क कल्ली पश्चिम, जोनल पार्क आशियाना और एनबीआरआइ पार्क से हुई थी। पहले दिन सुबह छह बजे से पांचों जोन के पुलिस अधिकारी अपने-अपने इलाके के पार्कों में गए थे और लोगों से खुलकर बातचीत की थी। पुलिस के इस अभियान की महिलाओं ने सराहना भी की थे। महिलाओं का कहना था कि इससे चेन लूट की घटनाओं पर ब्रेक लगेगा।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश

अमृत विचार, काकोरी: दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला पर पेट्रोल डाल कर जलाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। किसी तरह बची महिला ने आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करायी है। क्षेत्र निवासी हुश्नबानो ने बताया कि भतीजी रहमुल की शादी तीन वर्ष पूर्व मो. राजा निवासी ग्राम मऊ, थाना मोहनलालगंज के संग हुई थी। शादी के समय दान दहेज की सभी शर्तों को पूरा किया था। इसके बाद भी ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुये उस पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने की कोशिश की। किसी तरह उसने भाग कर जान बचायी। उसका तीन माह का एक पुत्र है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया पति राजा, ससुर सुवराती, सास हमीदुन, ननद फलक, देवर रहीश के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मकान सील होने के डर से ई-रिक्शा चालक ने की खुदकुशी

## घर पर अकेला था चालक, पड़ोसियों को फंदे से लटकता दिखा शव, परिजन को दी सूचना

संवाददाता, लखनऊ/ ठाकुरगंज

- परिजन ने नगर निगमकर्मी के खिलाफ पुलिस में दी शिकायत
- बाजारखाला थानाक्षेत्र के हैदरगंज वैरागीटोला का मामला



अमृत विचार : बाजारखाला थानाक्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज वैरागी टोला में नगर निगम की कार्रवाई और मकान सील होने के डर से ई-रिक्शा चालक शीतल कश्यप (32) ने शनिवार सुबह घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसियों ने ई-रिक्शा चालक को फंदे से लटका देख परिजनों को सूचित किया। इसके बाद परिजन ई-रिक्शा चालक को नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजनों ने नगरनिगम कर्मी पर आरोप लगाते हुए बाजारखाला में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### मामा के बेटे की शादी में गए थे घर के सभी सदस्य

प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक, हैदरगंज के पुराना टिकैतगंज वार्ड वैरागी टोला निवासी ई-रिक्शा शीतल कश्यप ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। भाई दीपू कश्यप ने बताया कि वह संयुक्त परिवार में रहते हैं। एक वर्ष पूर्व भाई शीतल की शादी गुडिया से हुई थी। घर में मां फूलमती के अलावा दो भाई हैं। दीपू ने बताया कि जिस वक्त शीतल ने आत्मघाती कदम उठाया, उस वक्त घर में कोई भी नहीं था। सभी सदस्य उन्नाव जनपद में रहने वाले मामा रामदीन के बेटे वीरेंद्र की शादी में गए थे। इसी बीच नगर निगमकर्मी बकाया 57000 हाउस टैक्स जमा करने की नोटिस चस्पा करने घर पर आए थे। आरोप है कि घर पर नोटिस चस्पा करने के बाद निगम कर्मियों ने मकान सील करने की भी बात कही थी। जिसके डर से शीतल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

### नोटिस चस्पा करते मोहल्ले के लोगों ने भी देखा

बहनोई सूरज ने बताया कि पूर्व में भी निगमकर्मियों ने शीतल के घर पर नोटिस भेजते हुए हाउस टैक्स जमा करने का अल्टीमेटम दिया था, हालांकि टैक्स में रिआयत करने को लेकर पूरा परिवार अधिकारियों के आगे चक्कर लगा चुका था। बावजूद इसके विभाग ने एक भी पैसा कम नहीं किया। बताया कि जिस वक्त निगमकर्मी घर पर नोटिस चस्पा करने पहुंचे थे। तब पड़ोसियों ने भी उन्हें देखा था, लेकिन निगमकर्मियों के जाने के बाद शीतल ने आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के भाई दीपू ने निगमकर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# छात्र का फंदे से लटकता मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन से पूछताछ के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव
- इंदिरानगर थानाक्षेत्र के अमराई तकरोही का मामला



अमृत विचार : इंदिरानगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत अमराई गांव में आकाश (20) ने शुक्रवार देर रात घर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह परिजनों ने उसे फंदे से लटकता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक सुनील तिवारी के मुताबिक, अमराई गांव में आकाश ने घर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह पिता सुरेश ने बेटे को फंदे से लटकता देख फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आकाश को फंदे से उतार नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि मृतक के कमरे से देशी शराब की खाली बोलते मिली है।

प्रथम दृष्टया में सामने आया कि शराब के नशे में आकाश ने फंदा लगाकर खुदकुशी की। परिजनों का कहना है कि आकाश नशे का आदी था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के घर वालों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ होगी।


चौक क्षेत्र में ई-रिक्शा और आटो की वजह से रोजाना जाम लगना आम बात हो गयी है, इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि जिम्मेदार कोई सुध नहीं ले रहे हैं। अमृत विचार

### टाटा मोटर्स के कर्मचारियों ने गार्ड को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ: गुड़म्बा इलाके में रिंग रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज से डायवर्जन के लिए लगी बैरीकेडिंग हटाने से रोकने पर टाटा मोटर्स के कर्मचारियों ने गार्ड को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। गुडंबा पुलिस ने गार्ड की तहरीर पर हमलावरों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। जगरानी अस्पताल के समीप रिंग रोड पर करीब एक साल से फ्लाईओवर का निर्माण कार्य हो रहा है। शनिवार को वाहनों का डायवर्जन कर कार्य किया जा रहा था। यहां बहादुरपुर गुडंबा निवासी गगन सेठी कार्यदायी संस्था का गार्ड ड्यूटी पर था। गगन का आरोप है कि टाटा मोटर्स के कार से पहुंचे कर्मचारी त्रिभुवन शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव और नितेश बैरिकेडिंग हटाकर निकलने लगे। विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौज कर गार्ड पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया गगन की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गयी है।

# दूसरे के साथ डांस करने पर पति ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रिसेप्शन पार्टी में मारपीट के बाद की तोड़फोड़
- महिला समेत चार जख्मी, सात लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

अमृत विचार : अमीनाबाद कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गूंगे नवाब पार्क के समीप एक ट्रस्ट में शुक्रवार रात दूल्हे की रिसेप्शन पार्टी में डीजे पर डांस के लिए एक महिला को बुलाए जाने पर उसका पति नाराज हो गया। जिसके बाद पति ने युवक की पिटाई कर दी।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद के मुताबिक, दो दिन पूर्व वजीरगंज कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत गोलागंज बारुदखाना निवासी आकाश की शादी सआदतगंज की रहने वाली राधा से हुई थी। बताया कि शुक्रवार रात क्षेत्र के बुद्धलाल बदलू प्रसाद धर्मशाला ट्रस्ट में आकाश की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी। करीब 11 बजे एक शख्स पार्टी में मौजूद महिला को डीजे पर डांस करने के लिए बुलाने लगा। यह देखकर महिला का पति नाराज हो गया। पति ने उस शख्स की पिटाई कर दी। इस दौरान युवक ने दोस्त बलवंत सोनकर को फोन कर बुला लिया और महिला के पति को पीटने लगा। इस दौरान तीन महिलाएं भी बीच बचाव में घायल हो गईं। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बलवंत, लड़के पक्ष के विपिन, तुषार, विशाल, रितिक, उमेश उर्फ फिरोज को दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए सभी युवकों को शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### मुंबई साइबर सेल का अधिकारी बन युवती से की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, इंदिरानगर शक्तिनगर शीश अपार्टमेंट निवासी वरीशा अल्वी के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को मुंबई साइबर सेल का अधिकारी बताकर कहा कि उसके आधार कार्ड से कई खाते खुले हैं। इसके बाद जालसाज ने उस कार्रवाई किए जाने की बात कहकर कई मदों में कुल 1.32 लाख रुपए ऐंठ लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने गाजीपुर थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, गाजीपुर के ए-ब्लॉक निवासी महेंद्र पांडेय से भी जालसाजों ने धोखाधड़ी कर खाते 3,567 रुपए निकाल लिए है। इसके अलावा पीजीआई थानाक्षेत्र के तेलीबाग के नीलमथा सेक्टर -6 निवासी वीरेंद्र कुमार पांडेय से कस्टमर केयरकर्मी बनकर जालसाजों ने 94,539 रुपए पार कर दिए।

### दोस्त को प्रेमिका के घर बुलाकर चाकू से गोदा, जख्मी

अमृत विचार, लखनऊ : नाका थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, तुलसी होटल पानदरीबा निवासी तनिष्क चंद्रा ने आमरी सैय्यद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि आरोपी उनका परिचित है। शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे आरोपी ने फोन कर बिरहाना में उसे प्रेमिका के घर पर मिलने के लिए बुलाया। जब वह उससे मिलने पहुंचा तब आरोपी किसी बात को लेकर उससे बहस करने लगा। बहसबाजी में आरोपी ने सब्जी काटने वाले चाकू से उसकी पीठ और सिर पर वार कर लहुलूहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्जकर उसकी तलाश की जा रही है।

### स्कूटी से लैपटॉप पार करने वाले दो चोर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हसनगंज पुलिस ने स्कूटी पर रखा लैपटॉप चोरी करने वाले दोनों चोरों को घटना के चार दिन बाद शनिवार सुबह दबोच लिया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने लैपटॉप बैग बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के मुताबिक, पकड़े गए चोर हसनगंज के जोशी टोला निवासी अमन जोशी और बरौलिया निवासी राहुल कनौजिया है। दोनों ने 6 फरवरी की शाम पूजा का सामान खरीदने डालीगंज आए निराला नगर निवासी कुंज अग्रवाल की स्कूटी पर रखा लैपटॉप बैग चोरी कर लिया था। छानबीन में जुटे एसआई संतोष कुमार को दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से दोनों का फुटेज मिल गया था। संतोष ने दोनों को डालीगंज पुल से गिरफ्तार किया है।

### सेवानिवृत्त दरोगा का मोबाइल हैक कर ठगी का प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रान्सपोर्ट नगर निवासी असनी कुमार सेवानिवृत उपनिरीक्षक है। लिखित शिकायत में दरोगा ने बताया कि जालसाजों ने धोखाधड़ी की नियत से उसका मोबाइल का हैक कर लिया। इसके बाद जालसाजों ने ई-मेल के साथ ही यूपीआई के पासवर्ड को बदलने का भी प्रयास किया। हालांकि, जानकारी होने पर दरोगा ने नाका हिंडोला थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में एफआईआर दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### घर से निकला रेलवे कर्मी और छात्र लापता

संवाददाता, निगोहां/ आलमबाग : निगोहां इलाके में घर से निकला रेलवे कर्मी संदिग्ध हालात में लापता हो गया। परिजन ने पुलिस को सूचना दी है। उतरावा गांव निवासी राजन मिश्रा ने बताया 8 फरवरी की शाम 5 बजे बड़े भाई रेलवे कर्मी गोपाल मिश्रा (42) बिना बताए घर से निकले थे। जब देर रात तक वह नहीं लौटे तो खोजबीन की, लेकिन उनका सुराग नहीं लगा। परिजन ने पुलिस को दी तहरीर में गोपाल के संग अनहोनी की आशंका जतायी है। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस लापता की बरामदगी का प्रयास कर रही है। उधर, आरडीएसओ कॉलोनी निवासी सतीश कुमार ने बताया कि 14 वर्षीय बेटा सिद्धार्थ कुमार कक्षा आठ का छात्र है। 9 फरवरी को वह घर से निकला था। इसके बाद से लापता है। मानक नगर थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया छात्र की तलाश की जा रही है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, आलमबाग : कृष्णानगर पुलिस ने मानिसक बीमार युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया सोनू सिंह उर्फ कमल सिंह निवासी पानदरीबा सिंगार विरला विल्डिंग थाना नाका 8 फरवरी को घर के सामने से युवती को ले गया था। आरोपी के खिलाफ परिजन ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने युवती को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### अलग-अलग स्थानों से चोरों ने दो बाइकें चुराईं

संवाददाता, आलमबाग : अलग-अलग थाना क्षेत्र से चोरों ने दो बाइकें पार कर दीं। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया मो. जुबैर इकबाल निवासी साउथ सिटी 6 फरवरी की रात बाइक से शारदा नगर योजना स्थित जिम गया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गयी। उधर, कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने बताया आलमबाग निवासी श्याम पाण्डेय फिनिक्स मॉल के निजी रेस्टोरेन्ट पर डिलीवरी ब्वाय है। 4 फरवरी को दूल्हा घर पार्किंग के समीप से उसकी बाइक चोरी हो गयी। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### भाई पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

संवाददाता, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाने में पीड़ित ने सगे भाई पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। दरोगा खेड़ा निवासी अभिषेक ने बताया शनिवार को प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करा रहा था। तभी भाई रोहित और उसकी पत्नी ने अभिषेक व उसकी पत्नी को लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये।

# जालसाज ने महिला प्रोफेसर के बीमार होने का किया झूठा मेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सेंट्रल एशिया विश्व विद्यालय ताशकंद में कार्यरत हैं प्रोफेसर
- गाजीपुर पुलिस आरोपी की कर रही तलाश

अमृत विचार: सेंट्रल एशिया विश्व विद्यालय ताशकंद की महिला प्रोफेसर के बीमार होने संबंधित फर्जी मेल भेजने का मामला सामने आया है। प्रोफेसर ने फर्जी सूचना से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने की बात कहते हुये पुलिस से जालसाज की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

गाजीपुर थाने में इंदिरानगर निवासी विशन सिंह मिराल ने तहरीर दी। बताया उनकी बेटी डॉ. सुनीता सिंह वर्तमान में ताशकंद विवि में बतौर सहायक प्रोफेसर कार्यरत हैं। इससे पहले वह कई बड़े विवि में भी सेवाएं देती रही है। 9 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति ने विवि की आईडी पर मेल किया है। आरोप लगाया कि डॉ. सुनीता को गंभीर बीमारी है, जिसकी चपेट में छात्र आ सकते हैं। पिता ने बताया कि झूठी शिकायत से बेटी मानसिक परेशान है। उसकी नौकरी भी प्रभावित हो सकती है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# तमंचा तान मांगी तीन लाख की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित को कार से पीछाकर धमकाया
- सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अधिवक्ताओं की वेशभूषा में आए दबंगों ने एक युवक पर तमंचा तान उससे तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को धमकाया। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, एलडीए कॉलोनी अलीगंज निवासी शुभम यादव ने अभय गौड़, फैजान खान और तीन अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह अपने दोस्त के घर जा रहा था। तभी ग्लोबल मेडिकेयर सेंटर के समीप घात लगाए दबंगों ने उसे रोक लिया और उससे तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित ने इंकार कर दिया तब आरोपी उसे पीटने लगे। पीड़ित ने बताया कि वह किसी तरह दबंगों के चंगुल से बचकर भागने लगा। तब आरोपी उसका पीछा करने लगे। जब पीड़ित मोहल्ले के पास पहुंचा तब उसे आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। आरोप है कि थाने में शिकायत दर्ज न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### बीटेक छात्र पर लूट के प्रयास का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ: आशियाना के औरंगाबाद जहांगीर निवासी श्वेता कनौजिया ने बाइक सवार युवक पर टक्कर मारने के बाद चेन लूटने के प्रयास का आरोप लगाते हुए आशियाना थाने में केस दर्ज करवाया है। श्वेता का आरोप है कि गुरुवार शाम वह अपने दो बच्चों के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। इस दौरान बाइक सवार ने टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद चेन लूटने का प्रयास किया, शोर मचाने पर आरोपित भाग निकला। स्कूटी से गिरने की वजह से श्वेता और उनके बच्चे चोटिल हो गए। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह का कहना है कि श्वेता ने जिस बाइक सवार युवक पर आरोप लगाया है वह बीटेक छात्र है। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर गहनता से छानबीन की जा रही है।

### मरणासन्न हालत में सड़क पर मिला लापता कारीगर

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक महानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अकबरनगर निवासी मो. रिजवान बैग बनाने का काम करते थे। साले मो. ताहिर ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब तकरीबन 5 बजे बहनोई रिजवान घर से निकले थे। देर रात घर वापस न आने पर परिजनों को चिन्ता सताने लगी, तो वह उनकी खोजबीन करने लगे। बावजूद इसके उनका कहीं सुराग नहीं मिला। बताया कि सुबह उन्हें जानकारी हुई कि लेखराज मार्केट के पास बहनोई मरणासन्न हालत में पड़े हैं। मरणासन्न हालत में परिजन उन्हें लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। साले मो. ताहिर का कहना है कि बहनोई के शरीर पर जख्म के निशान थे। कई जगह से खून बह रहा था। उन्होंने हत्या के बाद सड़क पर शव फेंके जाने की आंशका जताई है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्रथम दृष्टया में सड़क हादसे में घायल होने की वजह से रिजवान की मौत हुई है।

सेल्समैन लूटकांड — बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस को मिले अहम सुराग

# फुटेज में बाइक पर दिखे तीन बदमाश

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

फॉलोअप

अमृत विचार : काकोरी में शराब के सेल्समैन हरिकृष्ण से लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। पुलिस ने घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर तक के दायरे में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले तब उन्हें बगैर नंबर प्लेट की बाइक से तीन बदमाश दिखाई पड़े। हालांकि, पुलिस ने करीब दर्जन भर से भी ज्यादा ग्रामीणों से पूछताछ कर लगभग छह लोगों को हिरासत में भी लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। कयास लगाए जा रहे है कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही पुलिस लूट का खुलासा करेगी।

गौरतलब है कि 9 फरवरी शाम काकोरी के कुसमी गांव में बाइक सवार तीन बदमाशों ने शराब सेल्समैन हरि किशन की कनपटी पर असलहा लगाकर 4.82 लाख की नगदी लूटकर फरार हो गए थे। बैग में तीन दिन की शराब बिक्री की रकम थी। सेल्समैन ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए काकोरी थाने में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को जांच में जुटी पुलिस ने कुसमी गांव प्रधान के घर बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में बगैर नंबर प्लेट की बाइक पर तीन बदमाश दिखाई पड़े।

वहीं, ग्रामीण इस घटना को संदिग्ध बता रहे है कि उनका मनाना है कि संभवतः सेल्समैन ने विपक्षियों को फंसाने के लिए मनगढ़ंत कहानी रची है। हालांकि, पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर करीब छह संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि घटनास्थल को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया जाएगा।

### दबंगों ने ठेला संचालक को मारा चाकू

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम थानाक्षेत्र अंतर्गत दबंगों ने एक ठेला संचालक पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। दबंगों ने उसे हॉकी से भी पीटा। इसके बाद हमलावर ठेला संचालक को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। तहरीर के आधार के पर पुलिस ने तीन नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज किया है। जानकीपुरम प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह के मुताबिक, एकेटीयू निवासी पप्पू पाल चौराहे पर छोला-पूडी का ठेला लगाते हैं। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनके दुकान पर अमित रावत, शिवा रावत, बृजेश अपने कुछ साथियों को लेकर पहुंचा। इसके बाद आरोपी छोला-पूड़ी खाकर वहां से जाने लगे। इस पर पीड़ित ने उसने रुपये मांगे तब वह बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर आरोपी उस पर टूट पड़े।

# जेल से फरार एक लाख का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : एसटीएफ ने तकरीबन सात साल पहले आजमगढ़ जेल से फरार अपराधी को शनिवार को एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ हत्या, डकैती लूट सहित कई संगीन अपराध दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। गाजीपुर जिले का निवासी जितेन्द्र मुसहर के पैर में गोली लगी है।

एसटीएफ को जितेन्द्र मुसहर के अपने साथी चन्द्रशेखर मुसहर के साथ आजमगढ़ में किसी वारदात को अंजाम देने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम थाना सिधारी पुलिस को साथ लेकर भदुली बाई पास के पास उसका इन्तजार करने लगी। कुछ समय बाद दोनों व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। एसटीएफ ने उनका पीछा किया तो दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग झोंक दी। पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग में जितेन्द्र के पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरा फरार होने में कामयाब रहा। जितेन्द्र का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कई संगीन जुर्म का आरोपी जितेन्द्र मुसहर 18 अगस्त 2016 को रक्षाबन्धन के दिन खाना बनाने वाले कलछुल, चादर एवं गमछे की मदद से अपने दो साथियों के साथ जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया था।

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्र वितरक को मातृ शोक


दुर्गा देवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर के वरिष्ठ पत्र वितरक हरगोविंद पांडेय की माता दुर्गा देवी पांडेय का शुक्रवार को असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर सहयोगी वितरकों व समाचार पत्रों के प्रसार से जुड़े अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। शनिवार को अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम पर किया गया। बैकुंठ धाम पर छठी राम तिवारी, पीयूष पांडेय, गोविंद पटवा व सेंटर के अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर लगे शिविर में 125 का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार, निगोहां :** सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत शनिवार को लखनऊ -रायबरेली मार्ग पर स्तिथ निगोहां के दखिना शेखपुर टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएचसी बछरावां की टीम ने 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की। साथ ही सभी कप स्वास्थ्य रहने के सुझाव भी दिए। इस मौके पर टोल प्लाजा परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह के नेतृत्व में टोल मैनेजर राकेश सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक भी किया गया।

### अन्तर्राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में छात्रा सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की कक्षा-12 की प्रतिभाशाली छात्रा कावेरी चौधरी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्वीन्स कॉमनवेल्थ निबन्ध प्रतियोगिता' में गोल्ड फाइनलिस्ट अवार्ड से नवाजा गया है। इस प्रकार, सीएमएस की मेधावी छात्रा ने अपनी रचनात्मक सोच व उत्कृष्ट लेखन के दम पर लखनऊ का गौरवबढ़ाया है। यह प्रतियोगिता लंदन की रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी द्वारा आयोजित की गयी जिसमें कई देशों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा ने अपने लेखन द्वारा आदर्श विश्व व्यवस्था की रूपरेखा प्रदर्शित करने के साथ ही विश्वव्यापी समस्याओं के रचनात्मक समाधान भी सुझाये।

# क्रिकेट, हॉकी व फुटबॉल में स्पोर्ट्स कॉलेज चैंपियन

## अंतर स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉलेज चैलेंज कप में दिखाया दम


स्पोर्ट्स कॉलेज चैलेंज कप के विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य अजय सेठी, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतर स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉलेज चैलेंज कप वर्ष -2024 में मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में शनिवार को आयोजित हुई क्रिकेट, हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान स्पोर्ट्स कॉलेज ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

#### 14 वर्ष से कम आयु वर्ग

- **60 मीटर :** प्रथम -ऋषभ तोमर, द्वितीय- आभाष पाण्डेय, तृतीय- अतुल
- **400 मीटर :** प्रथम- सौर्यवीर, द्वितीय- अर्पण मोघा, तृतीय-शेर सिंह
- **600 मीटर :** प्रथम- तनिष्क वर्मा, द्वितीय- अर्नव राठी, तृतीय-प्रवीण
- **लंबी कूद :** प्रथम - अनुज मौर्य, द्वितीय- गौरव यादव, तृतीय- अभ्यांश
- **जैवलिन थो :** प्रथम - मंगल सिंह, द्वितीय - आयुष, तृतीय- हिमांशु
- **शॉटपुट :** प्रथम- प्रिंस यादव, द्वितीय- मयंक बहादुर तृतीय- प्रवीण

#### एथलेटिक्स परिणाम

- **100 मीटर :** प्रथम- अयाज खान( केडी सिंह बाबू स्टेडियम), द्वितीय स्थान- शुभम राठी ( स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ), तृतीय स्थान- अमित यादव ( स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ)
- **200 मीटर :** प्रथम- ऋषभ तोमर, द्वितीय- सत्यम, तृतीय-रवि कुमार
- **400 मीटर :** प्रथम- ज्ञान सिंह यादव, द्वितीय - विश्व राठी, तृतीय -सत्यम पाल
- **800 मीटर :** प्रथम-समीर खान, द्वितीय- अबु अनस, तृतीय-विनीत मिश्रा
- **1500 मीटर :** प्रथम- समीर, द्वितीय- शुभम गुप्ता, तृतीय-उत्कृष

#### बैडमिंटन परिणाम

- **अंडर-13 बालक एकल :** विजेता- वर्चस्व सेन ( स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ), उपजेता-आशीष यादव (चौक स्टेडियम)
- **अंडर-15 बालक एकल :** विजेता- एश्वर्य वर्मा ( स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ), उपजेता-प्रशांत सिंह ( केडी सिंह बाबू स्टेडियम)
- **अंडर-19 बालक एकल :** विजेता- शिवम ( केडी सिंह बाबू स्टेडियम), उपजेता- सूर्यांश ( स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ)
- **अंडर-17 बालिका एकल :** विजेता-सान्वी सिंह ( केडी सिंह बाबू स्टेडियम), उपजेता- अर्पणा सिंह ( स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ)

बैडमिंटन में स्पोर्ट्स कॉलेज के साथ ही केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों ने बाजी मारी। विजेताओं को पूर्व ओलंपियन सैयद अली ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय सेठी ने किया। इस मौके पर मुकुल लाल शाह, राकेश टंडन, देवेंद्र ध्यानचंद, राशिद, खुर्शीद और कॉलेज के अन्य प्रशिक्षक और शिक्षक मौजूद रहे। कॉलेज में खेले गए हॉकी के फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने मेजर ध्यानचंद टीम को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हरा दिया। फुटबॉल के फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने चौक स्टेडियम को 2-0 शिकस्त दी। क्रिकेट के फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम को हराया।

# पिता की तरह पुत्र भी बनना चाहता है क्रिकेटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पिता देश के लिए खेले तो पुत्र इंग्लैंड के लिए खेलना चाहता है


हैरी सिंह

**अमृत विचार:** टी-20, वनडे और टेस्ट जहां भी मौका मिलेगा, उसके अनुसार ही खेलना मेरा लक्ष्य है। खेल को बेहतर बनाए जाने को लेकर लगातार मैं मेहनत भी कर रहा हूं। यह कहना है कि इंग्लैंड के अंडर-19 क्रिकेट टीम के सदस्य और लंकाशायर काउंटी टीम के लिए खेलने वाले हैरी सिंह का। वह शनिवार को पिता और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आरपी सिंह सीनियर के साथ लखनऊ पहुंचे।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उन्होंने कहा कि पिता तेज गेंदबाज थे, लेकिन उन्होंने मुझे कभी गेंदबाज बनने को नहीं कहा। उनका कहना था कि बिना दबाव के जहां चाहे वहां खेलो। बस क्रिकेट खेलने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया। मेरे लिए वे सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक ही नहीं मेरे आदर्श भी हैं। वे भारत के लिए खेले है लेकिन, इंग्लैंड की सीनियर टीम से खेलने की तैयारी में हूं। लंकाशायर काउंटी टीम के खिलाड़ियों से मिल रहे अनुभव के बारे में हैरी ने कहा कि हमारी टीम में जेम्स एंडरसन, जोस बटलर और डेरिल मिचेल सहित तमाम कई खिलाड़ी जुड़े हुए हैं, जो जूनियर खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों को समझाते हैं।

भारत के लिए दो वनडे मैच खेलने वाले पूर्व गेंदबाज आरपी सिंह सीनियर ने कहा कि इंग्लैंड में बसने के बाद बेटे हैरी ने क्रिकेट खेलने की रुचि दिखाई तो मैं खुश हो गया। यह खुशी और भी बढ़ गई, जब उसने गेंदबाजी की बजाय बल्लेबाजी का चुनाव किया। उन्होंने कहा कि गेंदबाज का कॅरिअर लंबा नहीं होता है, लेकिन बल्लेबाज लंबे समय तक प्रदर्शन करता है। हैरी अच्छी ऑफ स्पिन भी कर लेते हैं। यह उनके लिए फायदेमंद होगा।

# 3 .60 करोड़ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


फाइलेरिया रोधी अभियान को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

**अमृत विचार :** प्रदेश के 3.60 करोड़ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की।

यह अभियान उत्तर प्रदेश सहित 11 राज्यों में चलाया जाएगा। लाल बहादुर शास्त्री 'एनेक्सी'के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र. डॉ. पिंकी जोवल सहित चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि इस बार शत-प्रतिशत लाभार्थियों को दवाएं खिलाने के अथक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के स्कूलों के लगभग 3-5 लाख बच्चों को भी फाइलेरिया के उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ. बृजेश राठौर, निदेशक संचारी रोग डॉ. बीपीएस कल्याणी, डॉ. विकासेन्दु अग्रवाल, डॉ. रमेश सिंह राठौर, डॉ. अंबुज श्रीवास्तव, डॉ. अमित ओझा शामिल रहे।

### सिविल अस्पताल से हुई अभियान की शुरुआत

अभियान की शुरुआत शनिवार को हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल से की गई। अस्पताल के निदेशक डॉ भानु प्रताप सिंह ने दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपीलाल समेत अस्पताल के समस्त कर्मचारियों और उपस्थित पुलिसकर्मियों ने भी दवा खाई। भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय ने हिंदी और भोजपुरी में कविताएं सुनाकर बचाव का संदेश दिया। डॉ. भानु ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए दवा खाने की अपील की। इस मौके पर राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर भी मौजूद थे।

# साइबर क्राइम की विस्तार से जानकारी दे गया नाटक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वाल्मीकि रंगशाला में कलाओं का संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में कलाओं का संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं के बढ़ते कदम पर इस मौके पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर एंटी क्राइम एंटी करप्शन के चेयरमैन शैलेन्द्र मोहन ने बताया कि युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाकर उन्हें आगे ले जा सकते हैं।

थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि युवाओं को सही मार्गदर्शन देकर उनके करियर को अच्छा बनाया जा सकता है। कलाकार गुरुदत्त पाण्डेय ने कहा कि धार्मिक कार्यों को बढ़ावा देकर युवाओं को गुमराह होने से बचाया जा सकता है। नव अंशिका फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने कहा कि युवा शक्ति कई नए कार्यों का निर्धारण कर सकती है।

मंजूषा श्रीवास्तव, अक्षरा श्रीवास्तव, अनुष्का, नीशू त्यागी और शैलेन्द्र मोहन ने साइबर क्राइम पर जागरूक करने वाला नाटक मंचित किया। इस नाटक में समाज को साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी गई कि वह किस तरह से अपने साथ होने वाले फ्राड से बचाव कर सकते हैं। मोबाइल को हैक होने से बचाने की जरूरत है। नाटक में बताया गया कि अगर कोई आपको ब्लैकमेल कर रहा है तो प्रशासन द्वारा दी गई हेल्पलाइन नम्बर 1090 पर काल की जानी चाहिए। राष्ट्रीय पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 और राष्ट्रीय महिला पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 181 का प्रयोग किया जा सकता है। इस नाटक में यह भी बताया गया कि किसी के लैपटॉप या कम्प्यूटर से किसी की निजी जानकारी को निकाल लेना भी साइबर क्राइम के तहत आता है। इसमें बताया गया कि अगर आपके साथ कोई फ्राड हो जाता है तो तत्काल 155260 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।


जयपुरिया स्कूल की नई शाखा की शुरुआत के मौके पर आयोजित समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

### जयपुरिया स्कूल की बाराबंकी में एक और शाखा शुरू

अमृत विचार : सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने बाराबंकी जिले में शनिवार को एक और शाखा का संचालन शुरू किया। देवा रोड स्थित जीएनआईएमटी परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने शाखा की शुरुआत की। उन्होंने कहा, बारांबकी में यह दूसरी शाखा है। बताया, सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत छात्रों का पठन-पाठन कराया जायेगा। इस मौके पर अनिर्बान भट्टाचार्य (वीपी पार्टनर स्कूल) कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारियों समेत अन्य लोग मौजूद रहे। प्रो. त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# एनएसयूआई ने लविवि व समाज कल्याण निदेशालय के घेराव की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तीन हजार छात्रों के स्कॉलरशिप फार्म समाज कल्याण विभाग को नहीं भेजने का मामला

**अमृत विचार :** लविवि के तीन हजार छात्रों के स्कॉलरशिप फार्म की कापी जमा होने के बाद भी समाज कल्याण विभाग को नहीं भेजने के मामले में समस्या का समाधान नहीं होने पर एनएसयूआई ने घेराव की चेतावनी दी है।

एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष प्रिंस प्रकाश ने बताया, छात्रों ने स्कॉलरशिप फार्म की हार्ड कॉपी निर्धारित तारीख पर विवि में जमा कर दी थी। इसके बाद भी अभी तक तीन हजार छात्रों के फार्म विश्वविद्यालय से समाज कल्याण विभाग को नहीं भेजे गये हैं। मामले को लेकर 6 फरवरी को एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत से मिल कर समस्या बताई थी। तब उन्होंने मामले में विवि प्रशासन की गलती बताई थी कि उन्हें फार्म समय से नहीं मिले। मामले को लेकर संगठन ने शनिवार को कुलपति से मिल कर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विश्वविद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय का घेराव किया जाएगा। कुलपति से मुलाकात करने वालों में शहर अध्यक्ष के अलावा अहमद राजा खान, शुभम खरवार, कार्तिकेय मिश्रा, सुधीर कुमार समेत अन्य छात्र रहे।


पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में चल रहे मुनाल महोत्सव के चौथे दिन आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

# खण्डकाव्य श्रुतकीर्ति शत्रुघ्नप्रिया का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी द्वारा रचित खण्डकाव्य का लोकार्पण करते अतिथि।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में शनिवार को वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी द्वारा रचित श्रुतकीर्ति शत्रुघ्नप्रिया खण्डकाव्य का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. हरिशंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुए लोकार्पण समारोह में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर डॉ. विद्योत्तमा मिश्रा मुख्य अतिथि, साहित्य भूषण मधुकर अष्ठाना, वरिष्ठ साहित्यकार शिवमोहन सिंह, डॉ. इन्दुरेखा सिंह और रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे की विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूदगी रही। इस अवसर पर डॉ. शोभनाथ शुक्ल, प्रो. विश्वम्भर शुक्ल, छंदाचार्य आचार्य ओम नीरव, छंदकार नरेन्द्र भूषण, डॉ. उमाशंकर शुक्ल क्षितिकंठ, छंदकार अशोक कुमार पांडेय, डॉ. अजय प्रसून आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल के संचालन में हुए लोकार्पण समारोह में सरस्वती वंदना वरिष्ठ साहित्यकार घनानंद मेघ ने की। विद्वान साहित्यकारों ने पुस्तक श्रुतकीर्ति शत्रुघ्नप्रिया खण्डकाव्य की समीक्षा करते हुए पुस्तक को जनोपयोगी बताया। आयोजक युगधारा फाउंडेशन महासचिव सौम्या मिश्रा व डॉ. प्रेमलता त्रिपाठी के पति व संयोजक इं. अमरनाथ त्रिपाठी ने सभी साहित्यकारों व सभागार में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# छात्रों को मिली उद्योग में बदली भूमिकाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चाणक्य सभागार में आयोजित हुआ मैनेजमेंट कॉन्क्लेव

**अमृत विचार:** कारपोरेट, अकादमिक और छात्रों को एक साथ लाने के लिए, प्लेसमेंट और करियर डेवलपमेंट सेल, व्यापार प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को "कंपीटेंसीज फॉर फ्यूचर मैनेजर्स इन 5 ट्रिलियन इकॉनमी" विषय पर मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन चाणक्य सभागार में आयोजित हुआ। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कारपोरेट, शैक्षणिक और छात्रों के बीच अवसरों की चर्चा करके 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की अपेक्षा में प्रतिस्पर्धा विकास के लिए बारीकियों को संदर्भित करना था। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कॉर्पोरेट लीडरों ने भाग लिया और शैक्षणिक और प्रबंधन अभ्यर्थियों के लिए विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुणवत्ता शिक्षा और स्टेक होल्डर शामिलता के प्रति समर्पण पर जोर दिया।

विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने सम्मेलन का संचालन करने के लिए एक गतिशील और संरचित दृष्टिकोण प्रदान किया। इस कॉन्क्लेव का समन्वय दॉ. अनु कोहली, डॉ. वेद श्रीवास्तव, और डॉ. अंकिता श्रीवास्तव ने कार्यकुशलता से किया।

# मुनाल महोत्सव में हुआ चिकित्सकों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोकनृत्यों का बिखरा जादू

**अमृत विचार :** गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत समृति उपवन में चल रहे मुनाल महोत्सव के चौथे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा चिकित्सकों का सम्मान मुख्य आकर्षण रहा।

महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला और वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मधु गैरोला ने विभूतियों को सम्मानित किया।

डॉ. प्रत्यूष चौधरी, डॉ. प्रमोद नौटियाल, डॉ. विजय गैरोला, डॉ. पंकज अवस्थी, डॉ. सचिन गुप्ता और डॉ. हरीश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। महोत्सव का चौथा दिन पर्वतीय स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक रहे डॉ. सुबोध नेगी और निदेशक नर्सिंग इंदिरा रावत की स्मृति को समर्पित किया गया। उत्तराखंड का गठन होने के बाद इन पदों पर नियुक्त होने वाली यह प्रथम विभूतियां थीं। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत उड़ान संस्था की निदेशक सरिता सिंह के निर्देशन में गणपति वंदना से हुई। कलाकारों ने इस मौके पर शास्त्रीय और लोकनृत्यों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

नूपुरम कथक संस्थान ने विभा नौटियाल के निर्देशन और नम्रता अग्रवाल द्वारा लिखित नृत्य नाटिका सियाराम का मंचन किया। हर्षिता बिष्ट ने बताया कि हेमंत खंडेलवाल, मयंक तिवारी, रविन्द्र श्रीवास्तव, सुशील राठौर, विवेक रावत, ईशान्वी और दिव्यश्री की गायन प्रतियोगिता के फाइनल में जगह सुनिश्चित हो गई है। मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट ने बताया कि 11 फरवरी की सांस्कृतिक संध्या डॉ. शिवानन्द नौटियाल को समर्पित होगी।

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (1) अति अल्पकालीन ई निविदा संख्या 98.वि.पा.मं. (प्र.)ल./2023.24**, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त 220 के.वी. कानपुर रोड-सरोजनीनगर व 220 के0वी0 कानपुर रोड-उन्नाव अण्डर ग्राउण्ड केबिल ज्वाईंटस् नियर (जे0बी0 नम्बर-02) लखनऊ एयरपोर्ट के रेस्टोरेशन (Restoration) सम्बन्धी कार्य की ई निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 10.02.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रु. 18.31 लाख का कार्य की अवधि 01 माह, धरोहर धनराशि रू. 19,000.00 ऑन लाइन ई निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 15.02. 2024 को 16:00 बजे तक है। अतः उपरोक्त वर्णित ई. निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्त www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई निविदा अथवा सभी ई. निविदाओं को अस्वीकार / विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेब साईट को नियमित देखते रहना चाहिए। **कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल-प्रथम, उ.प्र.पावर ट्रान्स. कारपोरेशन लि. कक्ष सं. 111 से 114, भू-तल, पारेषण भवन विभूति खण्ड- ।।, निकट मंत्री आवास गोमतीनगर, लखनऊ-226010 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांक: 342/वि. पा.मं.(प्र)ल./निविदा मण्डल दिनांक:** 09.02.2024

**सक्रियता** | शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

# नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए हुए काम अकल्पनीय : द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



चाय पर चर्चा के दौरान भाजपा पदाधिकारियों के समक्ष विचार रखती महिला।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में कई काम किए हैं। नया संसद भवन बनने के बाद सबसे पहला कानून नारी शक्ति वंदन का आया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उक्त बात मानस सभागार में शक्ति वंदन अभियान के तहत महानगर स्तर पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान कही। कहा कि जन-धन योजना के तहत बैंक में महिलाओं के खाते खुले, मुद्रा योजना में 70 प्रतिशत लोन मातृशक्ति को मिल रहा है। दस वर्षों में नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए जो काम हुए हैं, वो अकल्पनीय हैं। आवास योजना में मिलने वाले आवास महिला के नाम पर होता है, उज्जवला योजना में मुफ्त गैस कनेक्शन मिलता है, प्रधानमंत्री दीनदयाल उपाध्याय योजना के माध्यम से घर में बिजली मिलती है। मुकेश शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान प्रधानमंत्री के प्रयास का परिणाम है। देश और प्रदेश की आधी आबादी को पार्टी से जोड़ने के लिए भाजपा ने शक्ति वंदन अभियान शुरू किया है। इस अभियान में महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

शक्ति वंदन अभियान संयोजक, महामंत्री राम अवतार कनौजिया ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए अभियान की रूपरेखा बताई कि 11 से 14 फरवरी के बीच शक्ति सम्मान किया जाएगा। जबकि 12 से 21 फरवरी के बीच स्वयं सहायता समूह से संपर्क कार्यक्रम चलेगा। 22 फरवरी को प्रधानमंत्री इस अभियान से लाइव जुड़ेंगे। 25 और 26 फरवरी को एनजीओ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान एमएलसी मुकेश शर्मा, अंजनी श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, महामंत्री अर्चना साहू, नगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।


बैंक की शाखा के उद्घाटन के अवसर पर प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक व अन्य।

### अयोध्या धाम में इंडियन बैंक की श्री राम जन्मभूमि शाखा खुली

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसएल जैन ने अयोध्या धाम में स्थित बैंक की श्री राम जन्मभूमि शाखा का उद्घाटन किया। जैन ने कहा कि यह शाखा स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पूरे विश्व से श्री रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि शाखा में बैंकिंग की सभी आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी, महाप्रबंधक सुजय मल्लिक, चंद्रशेखरण, गायत्री, रविन्द्र सिंह, पंकज त्रिपाठी, अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कुलसचिव धीरेंद्र कुमार को लोकायुक्त ने दिया नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ: लोक आयुक्त उप्र, के सचिव राजेश कुमार द्वारा मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार धीरेन्द्र कुमार को चल अचल संपति का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि देवरिया के राम आशीष कुशवाहा द्वारा दाखिल परिवाद आय से अधिक संपत्ति मामले में ब्यौरा देना है। इसके लिए निर्धारित प्रोफार्मा में आय, व्यय व साक्ष्य आदि का शपथ पत्र 11 मार्च 2024 तक कार्यालय में उपलब्ध कराना है।

### शॉर्ट सर्किट से ई-रिक्शा में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ: विकासनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत मामा चौराहे के समीप शनिवार दोपहर जानकीपुरम निवासी सुरेश के ई-रिक्शा में आग लग गई। वह टेढ़ी पुलिया से सवारी लेकर अलीगंज जा रहा था। मामा चौराहे के पास अचानक ई-रिक्शा बंद हो गया। काफी प्रयास के बाद भी जब ई-रिक्शा स्टार्ट नहीं हुआ तो सवारी चली गई। खुद से ई-रिक्शा सही करने के प्रयास में सुरेश ने हैंडल के पास टूटे तार को जोड़ दिया, इस दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

### एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को खत्म करने का होगा विरोध

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार: अल्पसंख्यक कांग्रेस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे और पूजा स्थल अधिनियम 1991 को खत्म करने की कोशिशों का कड़ा विरोध किया है। इस सिलसिले में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित परिचर्चा में रोष प्रकट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व न्यायाधीश बीडी नकवी ने कह कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक चरित्र पर 1981 का फैसला उसे अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा देता है, जिसे कई बार राजनीतिक कारणों से चुनौती दी गई है।

# पश्चिमांचल में शुरू होंगी सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं

## जीबीसी के माध्यम से वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वांचल में 29, मध्यांचल में 14 व बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं लेंगी मूर्तरूप
- 10 लाख करोड़ के निवेश के साथ प्रदेश भर में 33.50 लाख रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध

अमृत विचार: 19 फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य सरकार द्वारा आयोजित की जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के माध्यम से पूरे प्रदेश में निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। जबकि पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी हो चुकी है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है। इसके माध्यम से 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14 हजार से अधिक परियोजनाएं प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी। कार्यक्रम में 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है, जिसमें प्रतिष्ठित उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इंडिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

### सभी सेक्टर्स में हो रहा निवेश

जानकारी के अनुसार अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना निर्धारित है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग में, 7.5 प्रतिशत ऊर्जा में, 6.01 प्रतिशत फूड प्रॉसेसिंग में, 5.27 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में, 2.96 प्रतिशत शिक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य सेक्टर में कृषि (0.37%), पशुपालन (0.25%), ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक वाहन (0.33%), जैव ईंधन/बायोमास (0.82%), डेयरी (1.04%), डिफेंस एवं एयरोस्पेस (0.55%), डिस्टलरीज (0.84%), वित्तीय सेवाएं (0.12%), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति (1.08%), स्वास्थ्य सेवाएं (2.73%), आतिथ्य एवं मनोरंजन (2.78%), अवस्थापना (0.02%), टेक्सटाइल एवं हथकरघा (1.28%), काष्ठ आधारित उद्योग (1.00%) और अन्य क्षेत्र (0.11%) शामिल हैं।

### इन परियोजनाओं की होगी शुरुआत

- एनआईडीपी (हीरानंदानी ग्रुप), सिफी टेक्नोलॉजिस, वीएएलएस डेवलपर्स प्रा. लि., एसटीटी ग्लोबल, जैक्सन लि. पूरे यूपी में डेटा सेंटर स्थापित करेंगे।
- अशोक लीलैंड तथा यामाहा पूरे यूपी में ऑटोमोबाइल और ईवी परियोजनाएं स्थापित करेंगे।
- एनटीपीसी, ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर, एसीएमई ग्रुप, जेएसडब्ल्यू एनर्जी पीएसपी सिक्स और टस्को पूरे प्रदेश में थर्मल, हाइड्रो पावर और सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करेंगे।
- एमउएम इंडिया, आईएनजीकेए, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा और गोदरेज प्रॉपर्टीज प्रदेश में आवासीय और रिटेल संपत्तियों का निर्माण करेंगे।
- टाटा टेक्नोलॉजीज 150 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करेगी।
- एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज और शराफ ग्रुप क्रमश: एक एयर कार्गो टर्मिनल, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करेंगे।
- टार्क सेमीकंडक्टर्स, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, हायर, एडवर्ब टेक्नोलॉजीज और कैंट आरओ सिस्टम्स प्रदेश में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों का निर्माण करेंगे।
- उर्वशी इंफ्राटेक और एमएक्यू इंडिया आईटी में निवेश करेंगे और आईटी पार्क स्थापित करेंगे।
- ओबडू, शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, यशोदा हॉस्पिटल और अपोलो हॉस्पिटल सुपर स्पेशियलिटी चिकित्साल स्थापित करेंगे।
- एबी मौरी, वरुण बेवरेजेज और धर्मपाल सत्यपाल प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेंगे।
- अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, एकोर रिसर्च लैब्स, भारत डायनेमिक्स, एरोलॉय टेक्नोलॉजीज और डीआरडीओ ब्रह्मोस एयरोस्पेस डिफेंस एवं शस्त्र निर्माण में प्रवेश करेंगे।
- बनास डेयरी और सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स डेयरी उद्योग में निवेश करेंगे।
- सेंचुरी पल्प एंड पेपर, एयर लिक्विड नार्थ इंडिया, डालमिया सीमेंट भारत, एम/एस इंडोरामा इंडिया, रिमझिम इस्पात और फन जू टॉयज राज्य भर में विभिन्न विनिर्माण इकाइयां स्थापित करेंगे।

### सारे रिकार्ड तोड़ने जा रही चौथी जीबीसी

प्रथम जीबीसी- 61 हजार 792 करोड़- 81 परियोजनाएं
द्वितीय जीबीसी- 67 हजार 202 करोड़- 290 परियोजनाएं
तृतीय जीबीसी- 80 हजार करोड़- 1400 परियोजनाएं
चतुर्थ जीबीसी- 10 लाख करोड़- 14 हजार परियोजनाएं

## सार-संक्षेप

### गीता का महत्व हमारी दिनचर्या में विषयक सेमिनार आयोजित

अमृत विचार, निगोहां: कस्बे के बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को आध्यात्मिक ज्ञान भगवद गीता का महत्व हमारे दिनचर्या में पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि इस्कॉन मन्दिर लखनऊ के अध्यक्ष अपिरमय श्याम दास ने आत्म खोज के सफर का ज्ञान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत इस्कॉन मंदिर लखनऊ के भक्तों द्वारा भजन कीर्तन के साथ किया गया। कार्यक्रम में निदेशक फॉर्मेसी कॉलेज डॉ आलोक कुमार शुक्ला, उप निदेशक इंजिनियरिंग कॉलेज डॉ आर एस मिश्रा, डीन डॉ नीरज सिंह, धारणा सिंह, अनामिका मौर्य समस्त फैकल्टी, एवं छात्र उपस्थित रहे।



ड्रेस वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें। अमृत विचार

### कौशल विकास मिशन के प्रतिभागियों को ड्रेस वितरित

अमृत विचार, सरोजनीनगर: उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रायोजित एवं क्यू प्लस प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा आयोजित नि:शुल्क प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को शनिवार को ड्रेस वितरित की गईं। उप्र कौशल विकास मिशन के डीपीएमयू विवेक कुमार सिंह, क्यू प्लस के महाप्रबंधक विकास मिश्रा एवं प्रोजेक्ट मैनेजर शेखर श्रीवास्तव की मौजूदगी में करियर डिलेवरी ट्रेड के छह दर्जन से अधिक प्रतिभागियों को ड्रेस एवं प्रशिक्षण एवं पाठ्य सामग्री वितरित की गई। डीपीएमयू विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मिशन द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिए जाने के साथ ही नि:शुल्क ड्रेस एवं पाठ्य एवं प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की जाती है। डीपीएमयू के मुताबिक आगामी 19 फरवरी को कृष्णानगर में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।



बूथ संगठन कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बूथ कमेटी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई: सीएल वर्मा

अमृत विचार, काकोरी: काकोरी विकास खण्ड में पीडिए जन पंचायत का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव अजय सिंह चौहान के निवास स्थान पर भलिया गांव में आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान मोहनलालगंज सांसद प्रत्याशी सीएल वर्मा, पूर्व मंत्री आरके चौधरी, पूर्व मंत्री रामलखन चौरसिया, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत का जोरदार स्वागत किया। बैठक में उपस्थित जोन, सेक्टर प्रभारियों व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सीएल वर्मा ने कहा कि बूथ कमेटी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बिना मजबूत बूथ कमेटी के चुनाव जीतने की कल्पना नहीं की जा सकती है। बूथ कमेटियां ही पार्टी की नीतियों, योजनाओं के बारे में जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



शिलान्यास के मौके पर मौजूद पार्षद व अन्य। अमृत विचार

### पारा में पार्षद ने नाली और सड़क का किया शिलान्यास

अमृत विचार, काकोरी: पारा में शनिवार को पश्चिम विधानसभा के न्यू हैदरगंज द्वितीय वार्ड में देश के रक्षामंत्री एवं लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी की निधि से सोना बिहार कॉलोनी में ब्रजेश सिंह के मकान से राजकुमार प्रजापति के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र सिंह, पश्चिम मंडल- 1 मंत्री आशीष तिवारी, किसान मोर्चा पश्चिम मंडल-1 अध्यक्ष लवलेश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष राकेश जयसवाल, बूथ अध्यक्ष रविन्द्र दुबे, रमेश कनौजिया, कल्लू लोधी, पुष्पेंद्र शुक्ला एवं सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

# घोटालेबाज को बचा रही है पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- होमगार्ड जवानों की ड्यूटी में हेर फेर कर साढ़े चार करोड़ के घोटाले का आरोपी है बीओ
- होमगार्ड विभाग बर्खास्तगी की तैयारी में है, जांच अभी तक नहीं पहुंची किसी नतीजे पर

अमृत विचार: होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर 4.24 करोड़ रुपये को घोटाले की जांच में कमिश्नरेट पुलिस की सुस्त चाल सवालों के कठघरे में आ गई है। अब तो होमगार्ड विभाग के बड़े अफसर भी दबी जुबान मानने लगे हैं कि आरोपी ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के लिए जांच अधिकारी तकरीबन आठ माह से जांच लटकाए पड़े हैं।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया। इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआइआर भी दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है। जिससे अपराध से कमाई गई संपत्ति को जब्त कराया जा सके।

पूरे मामले में निलंबित ब्लाक आर्गनाइजर के अलावा ढेर सारे होमगार्ड की भूमिका जांच के घेरे में है। होमगार्ड विभाग के बड़े अफसरों का कहना है कि बीओ के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं। ऐसे में विभाग उसकी बर्खास्गी की तैयारी कर चुका है, लेकिन कमिश्नरेट पुलिस की ओर से अभी तक जांच को किसी नतीजे पर नहीं पहुंचाया जा सका है।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर भर्ती की परीक्षा को लेकर सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने शनिवार को बैठक कर सुरक्षा संबंधित प्रबंध की बाबत अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रश्न-पत्रो और उत्तर पुस्तिकाओं को केंद्र पर ले जाने और लाने के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए। सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने परीक्षा के तिथि को जिला और कमिशनरेट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब सुरक्षा इंतजाम करने के कहा। महत्वपूर्ण हॉट-स्पॉट पर क्युआरटी टीमों की तैनाती का निर्देश दिया। उन्होंने सबंधित जिले के डीएम के अलावा अन्य विभागो से समन्वय बनाने पर जोर दिया। रेलवे-मेट्रो स्टेशन, बस-टैक्सी स्टैंड तथा होटल-रेस्टोरेंट पर भीड़ प्रबंधन के लिए राजपत्रित अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेट की संयुक्त रूप से ड्यूटी लगाने के साथ ही वहां पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग कराए जाने के निर्देश दिया। इस बैठक में एडीजी पुलिस भर्ती और एडीजी एसटीएफ अन्य वरिष्ठ अफसर मौजूद थे।

# रामलला के दरबार में आज शीश नवाएंगे विधानमंडल के सदस्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने सदन में ठुकराया विधानसभा अध्यक्ष का निमंत्रण



अमृत विचार: श्रीरामलला के अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने के बाद अब रविवार को प्रदेश के विधायकगण प्रभु के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की पहल पर उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा श्री रामलला का दर्शन-पूजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जहां पूरी योगी सरकार प्रभु श्रीराम के मंदिर में पूजन-अर्चन करेगी, वहीं वहीं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सदन में विधानसभा अध्यक्ष के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। रविवार सीधे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद अपने मंत्रीमंडल के सदस्यों के साथ रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व में विधान भवन से सुबह 8 बजे से मंत्रिमंडल के मंत्रीगण एवं विधानमण्डल के सदस्यों को लेकर 10 लग्जरी बस अयोध्या के लिए रवाना होगी। इसकी व्यवस्था परिवहन मंत्री द्वारा विशेष रूप से की गयी है। यात्रा के दौरान बसों में रामधुन बजाई जाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई, वि.ख.कटरा बाजार- गोण्डा**

पत्रांक: मेमो दिनांक :-06-02-2024

**निविदा सूचना**

वितीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य महेश के घर से रामपाल के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे - ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोडा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों की आपूर्ति सहित मनरेगा योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भवन सम्बन्धी सभी सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक:-14-02-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि :- 15-02-2024

सुधांशु वर्मा, ग्रा0पं0 अधिकारी, ग्रा0पं0 भगहरिया पूरे मितई कटरा बाजार जनपद-गोण्डा पिन-271503

रेखा दिनेश सिंह, प्रधान, ग्रा0पं0 भगहरिया पूरे मितई कटरा बाजार जनपद-गोण्डा पिन-271503



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ**

No. 921/523-C (PDL) LKO.CIR/2023-24 Dated : 06-02-2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से श्रेणी-'ए', 'बी' एवं 'सी' हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। ठेकेदारों को सुझाव दिया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व Instructions to Bidders के Clause 4 मे उल्लिखित न्यूनतम अर्हता से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | श्रेणी | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग से अदरौना कल्लीखेडा सम्पर्क मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 117.50 | 7.88 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 05 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | लखनऊ-कानपुर मार्ग के किमी0-4,5,6 में डिवाइडर नाली की मरम्मत एवं टाइल्स लगाने का कार्य। | 80.00 | 6.00 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | मिल रोड पर प्रीकास्ट डिवाइडर लगाये जाने एवं पेव शोल्डर का कार्य। | 125.50 | 8.28 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 05 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | अर्जुनगंज में महिपाल खेडा शाहखेडा होते हुए पंचायत भवन तक सम्पर्क मार्ग के दोनों तरफ इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 125.00 | 8.25 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 05 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | बिजनौर मार्ग से पराग डेरी चौराहा होते हुए हिन्दनगर तिराहा वाया आशियाना गुरूद्वारा मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य। | 73.50 | 5.68 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | पराग डेरी पावर हाउस चौराहा एवं आशियाना चौराहा होते हुए पकरी पुल वाया अशोका टावर गुरूद्वारा मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स की विशेष मरम्मत का कार्य। | 93.50 | 6.68 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | रिंग रोड (रायबरेली रोड से किला चौराहा होते हुए कानपुर रोड) वाया रजनीखण्ड रेलवे क्रासिंग एवं नाबार्ड बाउण्ड्रीवॉल सेक्टर एच0 मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स मरम्मत का कार्य। | 78.50 | 5.93 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | पराग मार्ग से लोक बन्धु हास्पिटल चौराहा अपोलो हास्पिटल वाया सेक्टर-जी मल्टीएक्टिविटी सेन्टर मार्ग पर इण्टरलाकिंग मरम्मत का कार्य। | 90.00 | 6.50 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | बंगला बाजार चौराहा से कानपुर रोड ववाया एस0के0डी0 हास्पिटल ज्वाला देवी मन्दिर मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स मरम्मत का कार्य। | 57.00 | 4.85 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 10 | लखनऊ | लखनऊ कुसी महमूदाबाद मार्ग के किमी0-9 से मडियांव शुक्ला मार्ग के किमी0-3(500) से 6(500) में इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 131.30 | 8.57 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 05 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 11 | लखनऊ | लक्ष्मणपुर जुगौली मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स नाली मरम्मत का कार्य। | 79.00 | 5.95 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 12 | लखनऊ | बीरबल साहनी मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 74.00 | 5.70 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 13 | लखनऊ | राजकीय मुद्रणालय ऐशबाग मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स मरम्मत का कार्य। | 68.00 | 5.40 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 14 | लखनऊ | गुडशेड भूसामण्डी मार्ग पर क्षतिग्रस्त इण्टरलाकिंग टाइल्स की मरम्मत का कार्य। | 48.00 | 4.40 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 15 | लखनऊ | शहीदपथ पुल से कठौता झील चौराहा तक मार्ग के फुटपाथ पर इण्टरलाकिंग टाइल्स मरम्मत का कार्य। | 37.00 | 3.70 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 16 | लखनऊ | गोमतीनगर स्टेशन चौराहा से होते हुए ग्वारी चौराहा तक फुटपाथ पर इण्टरलाकिंग टाइल्स व मरम्मत का कार्य। | 95.60 | 6.78 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 17 | लखनऊ | मनोज पाण्डेय चौराहा पत्रकारपुरम चौराहा होते हुए हुसडिया चौराहे तक फुटपाथ पर इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य। | 54.30 | 4.72 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 18 | लखनऊ | मिल एरिया चौकी से आलमनगर वाया मीना बेकरी मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 178.00 | 10.90 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 05 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 19 | लखनऊ | एमिटी कालेज मार्ग से खरगापुर वाया एस0टी0पी0 चौराहा मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 60.00 | 5.00 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 20 | लखनऊ | खरगापुर रोड से कौशलपुरी कालोनी रोड से गडेरियापुरवा मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 60.00 | 5.00 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 21 | लखनऊ | लोयला पब्लिक स्कूल से मल्हौर स्टेशन पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 57.00 | 4.85 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 22 | लखनऊ | न्यू अवनींद्र अकेडमी शिव मन्दिर होते हुए भरवारा मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य। | 64.50 | 5.23 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 23 | लखनऊ | एन0एच0-28 मार्ग पर उत्तरधौना मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 60.00 | 5.00 | मार्ग कार्य श्रेणी ए, बी एवं सी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 24 | लखनऊ | विराम खण्ड-5 रेलवे क्रासिंग से गोरखनाथ कामाख्या देवी मन्दिर मार्ग से भरवारा क्रासिंग एवं गंगोत्री विहार मार्ग पर इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 60.00 | 5.00 | मार्ग कार्य श्रेणी ए एवं बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

➢ **बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।**

निविदा आनलाइन दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 20.02.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 20.02.2024 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(मनीष वर्मा) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ

(जितेन्द्र पाल सिंह) अधीक्षण अभियन्ता लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ

UP - 202750 दिनांक 09.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

## अयोध्याः 10 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**अयोध्या, अमृत विचार :** मौनी अमावस्या के दूसरे दिन शनिवार को प्रयागराज से लौटे 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामनगरी में सरयू में आस्था की डुबकी लगाकर मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। साढ़े तीन लाख भक्तों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के तहत कतारबद्ध तरीके से प्रवेश के बाद दर्शन-पूजन कराया गया। सरयू के घाट पर शनिवार सुबह लगभग चार बजे से ही स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। स्नान के बाद हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि पर दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार में लगी। जिला प्रशासन ने राम मंदिर में भीड़ के दबाव को रोकने के लिए श्रद्धालुओं को रामपथ से ही दर्शन मार्ग से ही प्रवेश दिया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि राम मंदिर में दोपहर 2 बजे तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। दूसरी पाली में भीड़ का दबाव कुछ कम रहा जिसमें करीब डेढ़ लाख भक्तों ने राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया।


हनुमानगढ़ी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब। अमृत विचार

# बाराबंकी में नन्ही परियों से बोलीं तापसी- पढ़ो लिखो और आगे बढ़ो

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बॉलीवुड की चर्चित हीरोइन तापसी पन्नू बाराबंकी पहुंची। उन्होंने यहां के सरकारी विद्यालय में नन्हीं परियों से मुलाकात की और उन्हें शिक्षा व खेल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। तापसी ने बच्चियों को शैक्षिक सामग्री दी। उनके साथ डांस किया और कहा कि पढ़-लिखकर आगे बढ़ो।


प्राथमिक विद्यालय गर्री में छात्राओं को पाठ्य सामग्री देतीं बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू।

दरअसल, वह एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इसके लिए वे गरीब तबके की बच्चियों को गोद लेकर उनके शैक्षिक विकास को लेकर सहयोग करती हैं। इसके तहत वे बिना किसी तामझाम और सुरक्षा के जिले के रामनगर विकासखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय गर्री पहुंचीं। उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई का हाल जाना। उन्होंने इन बेटियों को अमर चित्र कथा की किताबें, रैकेट और शैक्षिक सामग्री उपहार में दी।

# सीतापुर में ट्रक की टक्कर से दो महिलाओं सहित 3 की मौत

## ओवरटेक करने के दौरान हुआ हादसा, बाइक पर थे तीनों

**संवाददाता, बिसवां, सीतापुर**

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में ओवरटेक करने के दौरान बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे बाइक सवार दंपत्ति सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

तालगांव थाना इलाके के कस्बा परसेंडी निवासी अवधेश पुत्र कौशल किशोर अपनी पत्नी संगीता और अपनी सलहज प्रियंका पत्नी कौशल निवासी सरैंया माफी के साथ बाइक पर सवार होकर बिसवां दवा लेने आ रहे थे। इस दौरान बिसवां-सीतापुर मार्ग पर पीडब्ल्यू गेस्ट हाउस के सामने ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक चालक अनियंत्रित होकर ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे तीनों ट्रक के पहिये के नीचे आ गये और तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक अवधेश पहले अपनी सलहज प्रियंका के घर सरैंया माफी गया था। जिसके बाद वहां से उसे लेकर बाइक से तीनो बिसवां के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में तीनों हादसे का शिकार हो गये।

# गोंडा में पांच साल की बच्ची से छात्रों ने किया गैंगरेप

**धानेपुर, गोंडा**

**अमृत विचार :** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्ष की बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है स्कूल के दो छात्रों ने हैवानियत को अंजाम दिया है। दोनों की उम्र 10 वर्ष और 8 वर्ष बताई जा रही है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले सख्श के मुताबिक उसकी पांच साल की बेटी गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। शुक्रवार को वह पढ़ने के लिए स्कूल गयी थी। स्कूल में उसके साथ दो छात्रों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। स्कूल से वापस लौटने के बाद जब मासूम ने परिजनों से दर्द की शिकायत की और घटना की जानकारी दी। मासूम संग दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात की जानकारी पर परिवार के लोग सन्न रह गए। तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। दुष्कर्म की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल को जिला महिला पहुंचाया। इलाज के बाद शनिवार को पीड़िता को छुट्टी दे दी गईई। शनिवार की सुबह सीओ सदर शिल्पा वर्मा पीडिता के गांव पहुंची और परिवार के लोगों से घटना की जानकारी ली। परिजनों की शिकायत पर दोनों आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और उनकी तलाश की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रतापगढ़ में मजहबी झंडा लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश नाकाम

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहर के चौक घंटाघर के सबसे ऊपरी भाग पर लगाया गया हनुमान ध्वज एक युवक ने उतार कर फेंक दिया। हरे रंग का इस्लामी मजहबी झंडा लगा दिया। माहौल बिगाड़ने की कोशिश को नाकाम करते हुए पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना की खुलासे के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। शनिवार सुबह शहर में घंटाघर चौक में मजहबी झंडा लगाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया।

## मनकापुर कोतवाल सस्पेंड

**गोंडा, अमृत विचार :** जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर एक तरफा कार्रवाई करना मनकापुर कोतवाल को भारी पड़ गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक की जांच में दोषी पाए जाने पर एसपी ने कोतवाल को निलंबित कर दिया है। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरवा गांव के रहने वाले मोहम्मद शाद व मालू में मकान की खरीद फरोख्त को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि कोतवाल ने एकतरफा कार्रवाई की।

# डीएम के निर्देश पर टीम ने कब्जे से मुक्त कराई जमीन


मसौली थाने में शिकायतें सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार।

**मसौली,बाराबंकी ,अमृत विचार :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना मसौली में पहुंचकर समाधान दिवस में जनशिकायतें सुनीं। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएम ने तुरंत टीम भेजकर वहां बसे लोगो को हटवाया। शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जन शिकायतों की सुनवाई की। पांच छह ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शिकायत की कि चकबंदी के दौरान छोड़ी गयी आबादी की भूमि पर भुल्लन वर्मा ने अवैध रूप से प्लॉटिंग कर लोगों को बसा दिया है। डीएम ने तुरंत टीम गठित कर मौक़े पर भेजा। टीम ने जमीन से लोगों द्वारा किया गया अवैध कब्जा हटवा दिया।

## सांसद खेल प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत


सांसद खेल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी को पुरस्कृत करते ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह।

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड स्तरीय एकदिवसीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हैदरगढ़ क्षेत्र के बीजापुर खेल मैदान में किया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख ने प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विशाल वर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रधान गौतम पाठक, गोविंद पाठक, राजेंद्र पांडे आदि रहे।

# महीने में 10 मरीजों का मुफ्त इलाज करें

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने शनिवार को यहां कहा कि प्राइवेट डॉक्टरों को भी महीने में अपने अस्पताल में कम से कम 10 मरीजों का निःशुल्क इलाज करना चाहिए। श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में चल रहे निःशुल्क ऑपरेशन शिविर को देखने के बाद उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को यहां आकर निस्वार्थ सेवा को देखना व प्रेरणा लेना चाहिए।


श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में मरीजों का हालचाल लेते न्यायमूर्ति।

न्यायमूर्ति शनिवार को स्वामी रामदास महाराज स्मृति चिकित्सालय पहुंचे। उनका स्वागत उदयपुर से 43 वर्षों से सर्जरी टीम को बाराबंकी लाने वाले डॉ. जेके छापरवल, ट्रस्ट के सदस्य कैप्टन सुरेश इनानी, शंकर लाल सोमानी, रामकिशन राठी ने किया। न्यायमूर्ति ने मंदिर में जाकर दर्शन कर मरीजों के शीघ्र स्वस्थ की प्रार्थना की।

# भाजपा सरकार में हर वर्ग का हो रहा उत्पीड़न

**आरोप**

- कांग्रेस ने मसौली में आयोजित किया संवाद कार्यक्रम

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी**

**अमृत विचार :** देश की जनता भाजपा का असली चेहरा पहचान गई है। उसके चेहरे से नकाब उतर गया है। उसे जनता की बुनियादी जरूरत और परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है। उसे सिर्फ सत्ता की भूख है। वह किसी तरह 2024 में सरकार बनाने के प्रयास में है। इंडिया गठबंधन और इस देश का मजबूर गरीब, दलित, किसान, महिलाएं भाजपा के इस सपने को चकनाचूर करेंगे। कांग्रेस की अगुवाई में 2024 में देश में सरकार बनेगी।


जनता से संवाद करते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने ग्राम मसौली में आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्रपाल वर्मा व संचालन कांग्रेस के महासचिव नेकचंद्र त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों की भाजपा सरकार में समाज के हर वर्ग का उत्पीड़न हुआ है। सबसे ज्यादा प्रभावित इस देश का अन्नदाता, नौजवान, महिलाएं व मध्यम वर्गीय परिवार है। किसानों को उनकी फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा थाने की पुलिस ने शनिवार को लूट की एक घटना का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी का सामान और नकदी बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह बताया कि दो शातिर लुटेरों सुरेश रावत व अमित उर्फ कज्जर उर्फ बउवा निवासी खेवली थाना देवा को टाइम सिटी के सामने शारदा नहर पटरी ग्राम बबुरीगांव से गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के कब्जे से लूट के 4,300 रुपये, एक मोबाइल व दो तमंचे .315 बोर, कारतूस बरामद किए गए। पकड़े गए बदमाशों का एक गैंग है जो संगठित गिरोह बनाकर लूट व चोरी की वारदातों को बाराबंकी व आसपास के जनपदों में अंजाम देते हैं।

## वर्ग पहेली-339

**बाएं से दाएं**

1. 1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8. 1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2. 1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6. 1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7. 1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| 5 | 6 | | | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 8 | | | ■ | ■ | |

**वर्ग पहेली - 338 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 भा | षा | स | 2 म | ■ | 3 तु |
| ■ | ■ | ■ | धु | ■ | ला |
| ■ | ■ | ■ | मा | ■ | ई |
| ■ | 4 कु | 5 शा | स | न | ■ |
| ■ | ■ | सि | ■ | ■ | 6 ज़े |
| 7 गुं | जि | त | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | ■ | 8 झा | ड़ | न |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

**सुडोकू - 55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**वृष** – आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

**सिंह** – आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

**कन्या** – आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

**तुला** – आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

**वृश्चिक** – आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

**धनु** – आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

**मकर** – आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** – आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मीन** – आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- कूली — सुबह : 09.00
- सिंह इज ब्लिंग — रात : 09.00

Sony Max
- पीकू — सुबह : 08.00
- गुमराह — रात : 07.00

Utsav Gold
- बजरंगी भाईजान — सुबह : 09.15
- सीता रामम — शाम : 06.45

Zee Cinema
- पड़ोसन — सुबह : 09.40
- रेड — रात : 07.00

Colors Cineplex
- हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां — सुबह : 10.23
- गोविंदा मेरा नाम — शाम : 06.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...
बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?
संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

# प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

# रत्नों की बारिश

> मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

# मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्त्येयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92) (धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने- श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

## महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।-अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते । (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म,अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

## कहां है साहित्य की वह धारा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

# आओ ऋतुराज वसंत



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

# अयोध्या और तुलसी



डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

## एक नजर

### उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल का निधन



**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल नहीं रहे। उन्होंने शनिवार की सुबह मुखानी स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मल्ली बमोरी सैनिक कॉलोनी निवासी 76 वर्षीय बलवंत सिंह चुफाल को करीब दो दिन निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें प्रोस्टेट की शिकायत थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब 6 बजे अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। दोपहर 12 बजे उनके आवास से अंतिम यात्रा चित्रशिला घाट रानीबाग रवाना हुई। जहां गमगीन माहौल में उनकी अंत्येष्टि की गई। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र इशान चुफाल ने दी। स्व. चुफाल अपने पीछे पत्नी हेमा चुफाल, पुत्री विनीता चुफाल और नाती-पाते से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से क्षेत्र के राजनैतिक, सामाजिक और पर्वतीय समाज के लोगों में शोक की लहर है।

### दो भालुओं ने हमला कर वृद्ध को किया घायल, रेफर

**खटीमा।** जौलासाल के जंगल में भालू ने हमला कर एक वृद्ध को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। ऐंचावीही निवासी 65 वर्षीय राम प्रसाद शनिवार को जौलासाल के जंगल में गाय-भैंस चराने गया हुआ था और शाम को जानवरों को लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान पहले एक और फिर दो भालुओं ने उस पर हमला बोल दिया। पीछे आ रहे अन्य चरवाहों ने शोर मचाया तो भालू जंगल की ओर चले गए। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंची और उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. वीपी सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल वृद्ध को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# दंगाई गौला से फरार, 100 से ज्यादा हिरासत में

## बनभूलपुरा में पुलिस, पैरा मिलिट्री और पीएसी ने टीम बनाकर घर-घर चलाया सर्च अभियान



उत्तर उजाला के बगल वाली गली में पुलिस ने किया रास्ता बंद, इसके बावजूद लोगों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में पथराव, अगजनी और थाना फूंकने के बाद पुलिस ने इलाके से जले वाहनों को हटाया, गलियां साफ की और शनिवार को पूरे दलबल के साथ बनभूलपुरा में दंगाइयों की तलाश शुरू कर दी। सर्च अभियान चलते ही बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। जो बनभूलपुरा से निकलने में कामयाब हुए, वो गौला नदी और जंगल के रास्ते फरार हो गए। बावजूद इसके पुलिस ने करीब 100 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पैरा मिलिट्री और पीएसी के साथ पुलिस दोपहर बनभूलपुरा में सर्च अभियान की शुरुआत थी। पुलिस पत्थरबाजों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमें बना कर एक साथ सर्च अभियान चलाया। इस कार्रवाई के पहले ही पुलिस ने 50 से अधिक ऐसे लोगों को चिह्नित कर लिया था, जिन पर पुलिस को शक था और सबसे पहले इन्हीं संदिग्धों के घर पर दबिश दी गई। पुलिस की घर-घर सर्च अभियान से बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। वायरल लेस पर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौला नदी और जंगल के रास्ते भाग रहे हैं। जिसके बाद एक टीम को गौला नदी और जंगल की ओर भी रवाना कर दिया गया। इधर, बनभूलपुरा में रहने वालों ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया। इंद्रानगर छोटी लाइन निवासी सलीम का कहना है कि दोपहर के वक्त महिला व पुरुष पुलिस बल उनके घर में घुसी, तोड़फोड़ की और उनकी पत्नी रिजवाना, बेटियां शहीना व शमरीन को पीटा। जिसमें दोनों बेटियों के हाथ फ्रैक्चर हो गए। दोनों को निजी अस्पताल लाया गया।

**50** से अधिक लोगों को चिन्हित किया गया

**06** हजार अज्ञात और बाकी बचे 14 नामजद की तलाश में पुलिस

### जिन पत्रकारों के बनते थे दोस्त, उनको ही मारापीटा

**हल्द्वानी :** गिरफ्तार हुए दंगाइयों में जो भी सफेदपोश हैं यह सब पत्रकारों के परिचित थे। 8 फरवरी को दंगे में पुलिस, प्रशासन और निगम कर्मचारियों के साथ ही पत्रकार भी निशाने पर थे। चिन्हित करके पत्रकारों के वाहन जलाए गए और उन पर जानलेवा हमले किए गए। इनके नाम सामने आने के बाद पत्रकार भी अचंभित रह गए कि उन पर हमला करवाने वाले वो लोग जो उनके दोस्त, परिचित होने का दावा करते थे।

### दंगाइयों की तलाश में पश्चिमी यूपी और दिल्ली में दबिश

**हल्द्वानी।** दंगाइयों की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। हल्द्वानी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए छह टीमों को हल्द्वानी से रवाना किया है। इसके साथ ही पुलिस की सर्विलांस टीम भी नामजद और संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। कुछ मुख्य संदिग्धों के नंबर बंद होने से वह सीधे तौर पर पुलिस की रडार पर आ चुके हैं। बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा से दंगा भड़का था। दंगाइयों ने न सिर्फ सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि निजी व सरकारी वाहनों के साथ बनभूलपुरा थाने को भी आग के हवाले कर दिया था।

## उकसाने में गिरफ्तार पांच में से दो निवर्तमान पार्षद

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान हुए दंगे के मास्टर माइंडों में नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल हैं। इन सफेदपोशों ने शहर की फिजा को बिगाड़ने का प्रयास किया। लोगों से लूटपाट की गई। निजी और सरकारी वाहन जलाए और यहां तक कि जानलेवा हमले तक किए। 8 फरवरी का दिन हल्द्वानी के दामन पर काला धब्बा बन गया है। दंगा करने वालों के नामों को लेकर तो पहले से ही सुगबुगाहट थी हालांकि शनिवार को पुलिस ने पांच आरोपियों के नामों का खुलासा कर दिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मेहबूब आलम और जीशान परवेज नगर निगम के निवर्तमान पार्षद हैं। जीशान परवेज कांग्रेस नेता उवैस राजा का भाई है। उवैस राजा कांग्रेस में पुराना सक्रिय नेता है। अरशद के समाजवादी पार्टी के एक प्रदेश स्तरीय नेता के साथ नजदीकियां हैं। बताया जा रहा है कि वह भी सपा का ही नेता है। वहीं, जावेद सिद्दीकी सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई है। साथ ही सपा के टिकट पर हल्द्वानी से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। शहर में जाने पहचाने नाम और स्वयं शहर का सफेदपोश होने का दावा करने वाले इन नेताओं ने ही अपने शहर को जलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन लोगों ने ही हजारों की भीड़ को इकट्ठा कराया और दंगे की साजिश रची। ये भी नहीं सोचा कि जिस शहर के ये लोग निवासी होने का दावा करते हैं, उस शहर के ऊपर दंगे का धब्बा लगा रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, दंगा, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा और सार्वजनिक व सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शिक्षिका को निर्वस्त्र कर पति ने ही दोस्तों संग कार में घुमाया

- आखिर में रामपुर के चौखंडी में छोड़कर हो गए फरार
- पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक शिक्षिका को उसके ही पति और दोस्तों ने अपहरण कर निर्वस्त्र कार में घुमाया और बाद में उसे रामपुर जिले के चौखंडी में उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। पीड़िता ने इसकी तहरीर पुलिस में दी तो पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बाजपुर रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहती है और रामनगर रोड स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसकी पति के साथ अनबन चल रही है। 8 फरवरी को वह रोजाना की भांति स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी बीच एक कार में सवार उसके पति और पति के कनकपुर, दढ़ियाल रोड के दो दोस्तों ने उसकी स्कूटी रोक दी और रिवाल्वर के दम पर उसे घसीटकर कार में बैठा लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान तीनों ने उसके कपड़े फाड़ उसे निर्वस्त्र कर दिया। विरोध करने पर उस पर रिवाल्वर के बट से प्रहार किया। वे लोग उसे पहले बाजपुर, फिर स्वार ले गए। रास्ते में शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में कार को चौखंडी, रामपुर ले गए और उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। परिजन के तहरीर पर पुलिस ने दलजीत सिंह, गोपी व मंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, बच्चे को जन्म दिया तो हुआ खुलासा

**चम्पावत /पाटी ।** चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक के गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना का पता तब लगा जब नाबालिग प्रसव पीड़ा से कराही और उसने एक ब च्चे को जन्म दे दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 16 वर्षीय नाबालिग के साथ कुछ माह पूर्व एक वाहन चालक ने दुष्कर्म किया था। शुक्रवार की रात जब वह पीड़ा से कराही तो उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### राजारानी विहार में तेंदुआ, तीन घायल

**हल्द्वानी।** करायल चतुर सिंह में स्थित राजारानी विहार में सुबह सात बजे ही एक तेंदुआ धमक गया। तेंदुए को ट्रैंकुलाइज करने के दौरान दो वन कर्मी व एक मजदूर घायल हो गए। इसके बाद तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजारानी विहार में सुबह 7 बजे तेंदुआ घूमता देख लोगों में दहशत हो गई। कॉलोनीवासियों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। इस पर तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज की टीम मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया। तब तक तेंदुआ कभी इस गली में दिखाई दिया तो कभी उस मोड़ पर। करीब तीन घंटे तक यही आंख मिचौली का खेल चलता रहा। सुबह 10 बजे तक तेंदुए का पता नहीं चला।

## विविध

# बरेली में पथराव और तोड़फोड़ करने वाले 110 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## पुलिस ने दो पक्षों की ओर से अलग-अलग तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख तौकीर रजा की तकरीर के बाद बिहारीपुर से लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज में जमकर मारपीट, पथराव और तोड़फोड़ की थी। दुकानदारों के साथ भी बदसलूकी की। पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग तहरीर पर 110 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न पर शुक्रवार को सैकड़ों लोग बिहारीपुर में इकट्ठा हुए थे। दोपहर में कई घंटे तक तौकीर रजा की गिरफ्तारी को लेकर तनाव बना रहा था। मौलाना ने इस दौरान भड़काऊ बयान भी दिया था। इसके बाद शाम करीब 4 बजे वापस लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज बाजार में पथराव और तोड़फोड़ की थी। इसके अलावा फूल और फल विक्रेताओं की दुकान फेंकते हुए उनके साथ मारपीट की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लाठियां फटकारते हुए भीड़ को खदेड़ा था। इस मामले में जगतपुर पुराना शहर निवासी कपिल शर्मा ने करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वह अपने साथी सुनील सागर के साथ जा रहे थे। अचानक शहामतगंज क्षेत्र में कुछ लोगों ने उनपर हमला कर दिया और उसकी बाइक तोड़ दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से हजियापुर निवासी मुस्तकीम ने करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें मारपीट, धमकी आदि का आरोप लगाया गया है।

> शहामतगंज में मारपीट कर पथराव करने के मामले में बारादरी थाने में अलग-अलग दो रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> -राहुल भाटी, एसपी सिटी, बरेली

### तौकीर मामले में पुलिस अधिकारियों को मुख्यालय के आदेश का इंतजार

**बरेली।** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के भड़काऊ बयान मामले में पुलिस अधिकारियों को शासन और पुलिस मुख्यालय के आदेश का इंतजार है। मुख्यालय से जैसा आदेश मिलेगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को शासन और मुख्यालय से हर आधे घंटे पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से फोन कर पल-पल की जानकारी ली गई थी। इसके बाद दोबारा पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली गई।

### तौकीर की सुरक्षा वापस करने और नुकसान की भरपाई की व्यापारी संगठनों ने की मांग

**बरेली।** शहामतगंज में शुक्रवार को पथराव और तोड़फोड़ के बाद व्यापारियों में रोष है। शनिवार को व्यापारी संगठनों ने मौलाना तौकीर रजा पर भड़काऊ बयान देने के मामले में रासुका लगाने, सुरक्षा वापस लेने और नुकसान की भरपाई की मांग की। व्यापारियों ने उपद्रवियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है। शहामतगंज स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में कहा कि तौकीर रजा के कारण शुक्रवार को व्यापारियों पर हमले हुए। दुकानों को लूटा गया और भीड़ हिंसक हो गई। बाजार बंद होने से करीब 15 करोड़ रुपये का बाजार प्रभावित हुआ। कहा कि तौकीर के कारण साल 2010 में दंगे हुए थे। उसमें भी व्यापारियों की बड़े पैमाने पर दुकानें जलाई गई थीं। साल 2012 में फिर दुकान जलाई गईं। अब फिर जहरीले बयान देकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गई। इस मामले में न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी। मांग की कि तौकीर की सुरक्षा वापस लेने के साथ ही रिपोर्ट दर्ज कर रासुका लगाकर गिरफ्तार किया जाए। 15 करोड़ रुपये के नुकसान भी भरपाई तौकीर और उपद्रवियों से की जाए। राजेश जसौरिया ने कहा कि तौकीर के बयान से उद्यमी सहमे हुए हैं। कहा व्यापार मंडल जल्द ही इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगा और अवगत कराएगा कि व्यापारी वर्ग सुरक्षित नहीं है।

# डीएम से अभद्रता करने पर हटाए गए बीडीओ

संवाददाता, आगरा

- दूसरे दिन भी बीडीओ का मोबाइल फोन रहा बंद, पुलिस को घर भी नहीं मिले

**अमृत विचार:** शासन की योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी से मारपीट का प्रयास करने वाले बीडीओ को शासन के निर्देश पर हटा दिया गया है। सीडीओ ने उन पर कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय भेजा है।

मारपीट के इस मामले के बाद प्रशासनिक अमला खामोशी साधा हुआ है। शनिवार को हर सरकारी कार्यालय में इस घटना की चर्चा हो रही थी। वहीं बीडीओ का दूसरे दिन भी मोबाइल फोन बंद रहा है। वह रकाबगंज पुलिस को घर भी नहीं मिले हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। विदित हो कि विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बरौली अहीर ब्लॉक के बीडीओ अनिरुद्ध सिंह चौहान ने विकास कार्यों के सवाल जबाव पर डीएम से अभद्रता कर दी थी। उनसे साथ मारपीट करने का प्रयास किया था। गाली गलौच के साथ साथ जान से मारने तक की धमकी दी थी। जब अन्य अधिकारियों ने रोकने की कोशिश की तो वह गालियां देते हुए बाहर आ गए और गाड़ी में बैठकर चले गए। इसके बाद एडीओ पंचायत खंदौली पंकज कुमार ने बीडीओ के खिलाफ रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। उसके बाद पुलिस ने बीडीओ को फोन मिलाया तो उनका नंबर बंद आया। वह घर भी नहीं मिले। पुलिस का कहना है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। दरअसल बीडीओ अनिरुद्ध सिंह पूर्व में एत्मादपुर के बीडीओ थे। वहां उनकी कई शिकायतें डीएम के पास पहुंची थी। डीएम की इस कार्रवाई से बीडीओ चिढ़ गए थे। ब्लॉक से हटाने पर वह अपने वरिष्ठ अधिकारी से खुन्नस मान बैठे थे। सीडीओ प्रतिभा सिंह ने बताया कि इस मामले शासन को रिपोर्ट भेजी थी। शनिवार को शासन के निर्देश पर आरोपी बीडीओ अनिरुद्ध सिंह को कार्यमुक्त कर दिया।

## पीलीभीत में एसपी आवास के बाहर युवक ने खाया जहर, मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले के सुनगढ़ी थाना इलाके में शनिवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जिले के पुलिस अधीक्षक के आवास के बाहर जहर खा लिया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) अतुल शर्मा ने बताया कि 'सुनगढ़ी थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप ने जहर खा लिया। शनिवार को उसने बंगले पर खुद आकर जहर खाने की सूचना दी थी और उसे कर्मचारियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया।' पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रदीप ने दो महीने पहले ईशा नाम की लड़की से शादी की थी और पत्नी उससे पांच लाख रुपये की मांग कर रही थी।

# सर्राफा कारोबारी और पुत्री की धारदार हथियार से हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



योगेश चंद्र



सृष्टि

- कमरे में फर्श पर पड़ा मिला योगेश चंद्र व बेटी सृष्टि के शव

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी बेटी सृष्टि के शव कमरे में फर्श पर खून से लथपथ मिले। योगेश चंद्र के सिर व गर्दन पर चोट के गहरे निशान मिले हैं।

मुहल्ला कटरा गुलाम अली में शनिवार सुबह सर्राफ योगेश चंद्र अग्रवाल (67) वर्ष और बेटी सृष्टि (27 वर्ष) के शव घर के अंदर कमरे में पड़े मिले। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात किसी समय योगेश चंद्र अग्रवाल और पुत्री सृष्टि की हत्या की गई। जिस कमरे में शव मिले, उसमें सामान बिखरा हुआ था। लूट के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसपी ने बताया कि योगेश चंद्र के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई हैं।

## हाईकोर्ट की खबरें

### निष्पक्ष सुनवाई के अभाव में मृत्युदंड की सजा को बरकरार रखने से कोर्ट ने किया इनकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मृत्युदंड की सजा के आदेश को रद करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार निष्पक्ष सुनवाई प्रत्येक आरोपी का अधिकार है। एक निष्पक्ष सुनवाई के अंतर्गत अभियोजन को अभियुक्त का अपराध साबित करने के लिए उचित और निष्पक्ष अवसर दिया जाता है, साथ ही अभियुक्त को अपनी बेगुनाही सिद्ध करने का पूर्ण अवसर भी दिया जाता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जब तक अभियुक्त को खुद का बचाव करने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता है, तब तक उसकी दोषसिद्धि और सजा को मंजूरी नहीं दी जा सकती है। जहां अभियुक्त की सहायता के लिए कोई योग्य अधिवक्ता उपलब्ध ना हो, वहां उसके साथ निष्पक्ष न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती है। ऐसे मामलों में अभियुक्त को या तो गवाहों से स्वयं जिरह करने का अवसर दिया जाए या जिरह करने के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति श्रीमती नंदप्रभा शुक्ला की खंडपीठ ने अजय कुमार की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। वर्तमान मामले में सत्र न्यायालय ने अभियुक्त के अधिकार का हनन करते हुए उसे निष्पक्ष सुनवाई से वंचित कर दिया। उसे गवाहों से जिरह न करने पर होने वाली हानि से अवगत नहीं कराया गया। इसी पृष्ठभूमि पर कोर्ट ने आरोपी को मिली मृत्युदंड की सजा को बरकरार न रखते हुए ट्रायल कोर्ट को आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने से 6 महीने के अंदर मुकदमे को समाप्त करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि आरोपी के खिलाफ थाना अरवाकटरा, औरैया में आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को धारा 302 के तहत एक लाख रुपए जुर्माने के साथ मृत्युदंड की सजा सुनाई।

### आवेदक किसी विशेष पद पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु दबाव नहीं बना सकता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले से संबंधित अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के मामले में आवेदक किसी विशेष पद पर अपनी नियुक्ति के लिए विभाग पर दबाव नहीं बना सकता है। अनुकंपा नियुक्ति के लिए अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। यह एक सरकारी योजना है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की एकलपीठ ने श्रीमती नीतू शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी, झांसी द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने आगे कहा कि शासनादेश दिनांक 4 सितंबर 2000 के अनुसार अगर कोई अभ्यर्थी चतुर्थ श्रेणी पद पर अनुकंपा नियुक्ति चाहता है तो उसकी नियुक्ति पर विचार किया जा सकता है, लेकिन अगर वह लिपिक पद पर नियुक्ति का आग्रह करता है और रिक्ति उपलब्ध नहीं होती है तो उसका आवेदन उक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति चाहने वाले उम्मीदवारों की सूची में शामिल कर दिया जाता है। सूची में शामिल आवेदकों की नियुक्ति 'पहले आओ पहले पाओ' के मानदंड पर की जाती है। अगर इस अवधि के दौरान ऐसे पंजीकरण की तारीख से 5 साल तक अभ्यर्थी को लिपिक पद पर नियुक्ति नहीं मिल पाती है तो उसका आवेदन उक्त सूची से हटा दिया जाता है। उक्त दावा 5 साल की अवधि तक जारी रहता है और एक बार दावे की अवधि समाप्त हो जाने पर दूसरा दावा पोषणीय नहीं होता है। मौजूदा मामले में याची की सास की झांसी के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत रहते हुए वर्ष 2017 में मृत्यु हो गई। इसके बाद याची के पति ने अपनी मां के स्थान पर लिपिक पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। क्लर्क के पद पर रिक्ति ना होने के कारण यह मामला लंबित रहा।

### उचित कानूनी सलाह के अभाव में पारित हो रहे अवैध आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण से जुड़े एक मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि उचित कानूनी सहायता के अभाव में अधिकारी गलत और अवैध आदेश पारित कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश को उलटते हुए नए आदेश पारित किए, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खारिज किए गए आदेश का ही हवाला देते हुए नए आदेश पारित किया जा रहे हैं, यह स्थिति गंभीर है। कोर्ट ने इस संदर्भ में चिंता जताते हुए कहा कि अगर यही स्थिति जारी रही तो भविष्य में राज्य पर भारी जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। कोर्ट का मानना है कि बंदी प्रत्यक्षीकरण तथा अन्य गंभीर मामलों में आदेश पारित करने वाले सचिवों को उचित कानूनी सहायता दी जानी चाहिए। इस उद्देश्य के लिए राज्य के पास कुशल अधिवक्ताओं का एक पैनल होना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने अब्दुल रहमान उर्फ नन्नी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। इस आदेश की एक प्रति सचिव (गृह) उत्तर प्रदेश सरकार को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया है।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वाले के खिलाफ होगी कार्यवाही

**प्रयागराज।** बार काउंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि इन दिनों सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं के आंदोलन से संबंधित एक खबर प्रचारित एवं प्रसारित हो रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि अधिवक्ताओं के हित में कल्याणकारी योजनाओं को संचालित करवाने के उद्देश्य से बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 12 फरवरी 2024 को देशभर में अधिवक्ताओं के आंदोलन का आवाहन किया गया है। आंदोलन में अधिवक्ताओं को 20 लाख तक का बीमा कवर, मुफ्त चिकित्सा सुविधा, नए जरूरतमंद अधिवक्ताओं को 5 वर्ष तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह का स्टाइपेंड और वृद्ध अधिवक्ताओं को पेंशन की सुविधा देने की मांग की जाएगी। इस संदर्भ में दिनांक 9 फरवरी 2024 को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त सूचना का खंडन किया। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को अधिवक्तागण ऐसा कोई आंदोलन नहीं करेंगे और नियमित रूप से न्यायिक कार्य करेंगे। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसी झूठी सूचना प्रसारित करने वालों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## कोविंद के नेतृत्व में बनी समिति ने की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार पर मंथन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में पिछले साल सितंबर में गठित उच्च स्तरीय समिति ने शनिवार को अब तक इस दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। समिति ने राजनीतिक पार्टियों, पूर्व न्यायाधीशों और राज्य चुनाव आयोगों के साथ चल रहे मंथन का भी आकलन किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, समिति ने अलग से द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया जिसका नेतृत्व पी.विल्सन कर रहे थे। इस दौरान पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के रुख से समिति को अवगत कराया।

**प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा** गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा-22 जनवरी का दिन देश को विश्वगुरु की राह पर ले जाने वाला

# राम के बिना भारत की कल्पना नहीं : अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती तथा 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का दिन भारत को विश्वगुरु बनने के मार्ग पर ले जाना वाला है।

उन्होंने लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया तथा दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था के निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने विपक्षी दलों का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, हमारे गुजरात में एक कहावत है, हवन में हड्डी नहीं डालनी चाहिए। पूरा देश जब आनंद में डूबा है तो स्वागत कर लो, साथ में जुड़ जाओ। इससे देश का भला होगा और सभी का भला होगा। गृह मंत्री का कहना था कि 22 जनवरी का दिन इतिहास में 10 हजार साल तक याद रखा जाएगा। शाह ने कहा, मैं आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। जो वर्षों से कोर्ट के कागजों में दबी हुई थी। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली। उनका कहना था कि सदन में आजादी के बाद जो महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें एक यह रामजन्म भूमि से संबंधित प्रस्ताव है। गृह मंत्री ने कहा, 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है। जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वो अपने अस्तित्व को खो देते हैं। उनके अनुसार, 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है और 1528 से शुरू हुई न्याय की लड़ाई, इस दिन समाप्त हुई। शाह ने कहा, ''22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और सिद्धि का दिन है। ये दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का दिन बन चुका है। ये दिन मां भारती के विश्व गुरु के मार्ग पर ले जाने को प्रशस्त करने वाला दिन है। उनके अनुसार, उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने दुनिया में भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया।

### बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन औवैसी ने शनिवार को लोकसभा में दावा किया कि बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी। उन्होंने सदन में नियम 193 के तहत ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह बाबर, जिन्ना औ औरंगजेब के प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' की घोषणा पर सवाल खड़े किए और कहा कि यह बताता है कि इंसाफ या जिंदा है या जुल्म को बरकरार रखा जा रहा है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सवाल किया, क्या मोदी सरकार एक धर्म की सरकार है या सभी धर्मों को मानने वालों की सरकार है।

# अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।



उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

### श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल



कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

### अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

### 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...



फ़रीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

### एक नजर

#### हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडकंप मच गया।

#### देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प

**नई दिल्ली।** पोलियो की तर्ज पर केंद्र सरकार ने भारत को फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी से मुक्त करने का संकल्प लिया है। फाइलेरिया बीमारी स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए एक चुनौती बना हुआ है क्योंकि पूरी दुनिया में फाइलेरिया के जितने मरीज है उसका 40फीसद मारीज सिर्फ भारत में है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने देश को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का शनिवार को शुभारंभ किया है। इसके लिए यूपी, एमपी बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, असम, उड़ीसा, केरल एवं कर्नाटक के 92 जिलों को चिन्हित किया गया है।

## दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति 'दूर का सपना' नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह

▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी




देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

## ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

## सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

**नासिक।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

## दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के

▸▸ लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला



तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**झाबुआ (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

## पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

### ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं



1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।
2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।
3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।
4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।
5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

### प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

| वाहन का प्रकार | ट्रांसपोर्ट गाड़ियां |
|---|---|
| बस | 744 |
| ई-रिक्शा | 5,50,689 |
| ई-रिक्शा विद कार्ट | 21,689 |
| थ्री व्हीलर यात्री | 15,633 |
| थ्री व्हीलर गुड्स | 1,288 |
| गुड्स कैरियर | 177 |
| मोटर कैब | 138 |
| बाइक-स्कूटर किराए वाली | 35 |
| एक्स-रे वैन | 1 |

| वाहन का प्रकार | नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल |
|---|---|
| मोटर साइकिल स्कूटर | 66,960 |
| बाइक-स्कूटर विद साइड कार | 52 |
| मोपेड | 703 |
| मोटर-कार | 4,712 |
| मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी | 2,198 |
| कृषि ट्रैक्टर | 91 |
| एडाप्टेड वाहन | 03 |
| फारक लिफ्ट | 01 |
| थ्री व्हीलर पर्सनल | 01 |
| कुल ट्रांसपोर्ट ईवी | 5,90,394 |
| कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी | 74,721 |
| कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या | 6,65,115 |

## आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,175 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,800 |
| चांदी तैयार | 73,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,950 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,950 |
| चांदी पक्की | 717 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,200 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

## जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

### नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

## वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित

▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी



अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

## एक नजर

### इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

### श्रीलंका के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण, भारत यात्रा पर बोले जेवीपी

**कोलंबो।** भारत सरकार के न्योते पर शनिवार को पहली बार भारत दौरे आये श्रीलंका की जेवीपी पार्टी के सदस्यों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वीप राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है। यह उन्हें दुनिया से अलग-थलग नहीं करता है। भारत-लंका समझौते के खिलाफ 1987-90 में भारत विरोधी अभियान का नेतृत्व करने वाली मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा से लौट आया।

### कनाडा: भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

**टोरंटो।** कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

### तेलंगाना में दूषित भोजन खाने से दो लोगों की मौत, 14 बीमार

**करीमनगर।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में ईंट भट्ठे पर कथित तौर पर दूषित भोजन खाने से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग बीमार पड़ गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गौरेड्डीपेट गांव में एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले ओडिशा के श्रमिकों ने मंगलवार को पेद्दापल्ली में एक दुकान से मुर्गे का मांस खरीदा। पुलिस ने कहा, दो दिनों तक मुर्गे का मांस पकाकर खाया। इसके बाद कुछ श्रमिक बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला सहित दो श्रमिकों की मौत हो गई। अन्य अस्पताल में भर्ती है।

## चाबहार बंदरगाह का विकास ईरान-भारत सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण : ईरानी राजदूत इलाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरानी राजदूत इराज इलाही ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों को मध्य एशिया से जोड़ने वाले गोल्डन गेटवे के रूप में चाबहार बंदरगाह का विकास भारत-ईरान जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आइएनएसटीसी) के कार्यान्वयन में दोनों देशों के बीच सहयोग भी बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों का उदाहरण हैं।



ईरान की 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम में इलाही ने कहा कि पिछले अगस्त में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण बैठक ने दोनों देशों के बीच अच्छे सहयोग में नए चरण का मार्ग प्रशस्त किया। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने, खासकर अफगानिस्तान से इसकी कनेक्टिविटी के लिए इस परियोजना पर जोर दे रहा है। भारत और ईरान ने बंदरगाह को आइएनएसटीसी परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है।

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा चार्जिंग स्टेशन

# यूपी ईवी में अव्वल

*देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।*

**2023** अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप शामिल नहीं

**12,146** कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

**2030** तक देश भर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत



### चार्जिंग स्टेशन बनाने को सरकार दे रही सब्सिडी

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

### 2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

### उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।



## पीटीआई खेमे में दोहरी खुशी, इमरान को 12 केसों में जमानत, सर्वाधिक सीटें जीतीं

# अधर में सियासत, कुर्सी से दूर नवाज बिलावल, जनादेश से चूके इमरान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में आम चुनावों में किसी भी पार्टी को जनादेश नहीं मिला है। सबसे बड़ा दल बनकर उभरी इमरान खान की पार्टी पीटीआई अब सरकार बनाने की कोशिश में है। पीटीआइ प्रमुख गौहर अली खान ने कहा है कि उनके नेता इमरान तय करेंगे कि पाकिस्तान का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा।

दूसरी तरफ रिकॉर्ड पीएम बनने का सपना देख रहे नवाज भी कुर्सी से कोसों दूर हैं। बिलावल तो दूर-दूर तक सत्ता में नजर नहीं आ रहें हैं। बता दें, इमरान को शनिवार को 12 मामलों में जमानत मिल गई है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है। इमरान के लिए ये दोहरी खुशी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इमरान के करीबी शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है।



### दूसरे पर नवाज और बिलावल तीसरे स्थान रहे

पाकिस्तान में नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है। इमरान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक लगभग 100 सीट जीती हैं। वहीं नवाज की पीएमएल-एन ने 73 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।





### बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता



पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। चुनाव आयोग ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में दावा किया कि फर्जी परिणाम पर विजेता घोषित किया।

### राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकार: मुनीर



शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने कहा कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

## 100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

**पर्थ, एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

### भविष्य में क्वाड की बढ़ेगी प्रासंगिकता: जयशंकर



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

### भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

## अमेरिका: घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▸▸ **2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी**

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

## संगम पर उमड़े भक्त...





**प्रयागराज:** माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

## पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी: गिलोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच, भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।



एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तीन दशक बाद भारत में होगी, 18 से होगा आगाज

**नई दिल्ली।** करीब तीन दशक बाद भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता होने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का यह 71वां संस्करण होगा, जो 18 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये वर्तमान मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का, पूर्व विजेता टोनी एन सिंह (जमैका) ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 फरवरी को भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) करेगा। प्रतिस्पर्धा इंडिया वेलकम द वर्ल्ड गाला के साथ शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर के देशों के 120 प्रतियोगी भाग लेंगे।

## टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

**विज्ञान** नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

## शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्जर्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।



शनि का उपग्रह मीमास।

### एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

## 88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

**मुंबई।** हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



## सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी**



▸▸ **कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा**

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।